वैशाख शुक्ल पक्ष-9, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 330 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
16 मई 2024 गुरुवार

आज का मौसम
40 अधिकतम
27 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



### अब भाजपा समेत सभी दलों के बड़े नेताओं ने हिन्दी पट्टी में झोंकी ताकत

# कांग्रेस-सपा पर उप्र में हमलावर मोदी, झारखंड में यादव प्रयोग

**नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण से पहले जीत-हार के लिए नंबरों को लेकर माइंडगेम तेज है। भाजपा व कांग्रेस की तरफ से आंकडों में बात की जा रही है।इस बीच आज आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ समय बाद अमित शाह को पीएम बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, वहीं बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने ऐलान कर दिया कि इंडिया गठबंधन को वे सरकार बनाने के लिये समर्थन देंगी। उधर भाजपा के लिए जोर लगाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उप्र में हैं। पांचवे चरण का मतदान 20 मई को मतदान है। इसके चलते मोदी आज यूपी में एक के बाद एक कई जनसभाएं कर रहे हैं। वे आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और प्रतापगढ़ में चुनावी जनसभा कर रहे हैं।



### झारखंड में यादव की दो सभाएं

भाजपा हाइकमान इन दिनों मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव का जमकर चुनावी उपयोग भी कर रहा है। मतदान के बाकी तीन चरणों में उन्हें उप्र,बिहार,दिल्ली व झारख्ंड में प्रचार व सभा का काम सौंपा गया है। इसके तहत आज यादव झारखंड के हजारीबाग और कोडरमा के प्रवास पर हैं। इस दौरान विभिन्न जनसभाओं को संबोधित करेंगे। यादव ने बीती रात दिल्ली के दो चुनाव क्षेत्र में सभा की हैं। आज झारखंड में सभा के बाद यादव दोपहर 3 बजे ग्वालियर पहुंच रहे हैं, जहां वे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवीराजे सिंधिया के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे।

### 'दो महीने में हटाए जाएंगे योगी'



दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आज लखनऊ में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की और फिर कहा कि नरेंद्र मोदी ने अमित शाह को अपना वारिस बनाया है। मोदी जैसे ही 75 साल के होंगे तो वे इस्तीफा देकर शाह को प्रधानमंत्री बना देंगे। बकौल केजरीवाल- नरेंद्र मोदी इसके लिए दो-तीन साल से लगे हुए हैं, किस तरह बड़े नेताओं को अलग-थलग कर दिया गया। केजरीवाल ने कहा, तीन दिन पहले मैंने यही बात कही थी, तो भाजपा के विभिन्न नेताओं की सफाई आई, लेकिन नरेंद्र मोदी ने कुछ नहीं कहा। वहीं, योगी आदित्यनाथ को दो महीने में सीएम पद से हटाए जाने पर भी पार्टी की ओर से कोई सफाई नहीं आई है।

### दो दल मगर एक दुकान: पीएम

उत्तरप्रदेश की सभा में आज पीएम मोदी ने कांग्रेस और सपा को निशाने पर लिया और कहा कि यह दो दल जरूर हैं लेकिन इनकी दुकान एक ही है दोनों दल अपनी साझा दुकान पर झूठ का समान बेंचते है। वहीं राहुल गांधी ने आज पोस्ट किया कि यदि संविधान की रक्षा के लिए लोग खड़े नहीं हुए तो उनके सम्मान को रौंद दिया जाएगा।

### इंडिया गठबंधन सरकार के लिए समर्थन देंगी ममता



बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि अगर लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में इंडिया ब्लॉक की सरकार बनती है तो उनकी पार्टी इस सरकार को बाहर से अपना समर्थन देगी। जबकि कुछ हफ्ते पहले ही ममता ने कहा था कि पश्चिम बंगाल में इंडिया ब्लॉक से कोई गठबंधन नहीं है। तब कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर असहमति जाहिर करने वालीं ममता ने कहा था, 'मैंने विपक्षी गठबंधन के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, गठबंधन का नाम भी मैंने दिया था। लेकिन बंगाल में, सीपीआई (एम) और कांग्रेस भाजपा के लिए काम कर रहे हैं।' उधर उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने कहा, ममता हमारी दीदी हैं, वो हमारे साथ लड़ाई में शामिल हैं। वो नरेंद्र मोदी और अमित शाह के तानाशाही के खिलाफ लड़ रही हैं।

## टीम इंडिया के कैप्टन ने मैदान को अलविदा कहा

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

भारतीय फुटबॉल टीम के स्टार खिलाड़ी और कप्तान सुनील छेत्री ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। कुवैत के खिलाफ फीफा वर्ल्ड कप क्वालीफायर के बाद वह इंटरनेशनल फुटबॉल को हमेशा के अलविदा कह देंगे। छेत्री ने आज यह घोषणा की है। सुनील के संन्यास लेने से भारतीय फुटबॉल में एक खालीपन पैदा होगा। जिसे भरना मुश्किल होगा। छेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो मैसेज के माध्यम से अपने संन्यास का ऐलान किया। 39 वर्षीय स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने भारत को कई महत्वपूर्ण मैचों में जीत दिलाई है। छेत्री ने भारत के लिए 150 मैच खेले और 20 साल के करियर में उन्होंने 94 गोल (26 मार्च तक) किए। रिटायरमेंट वीडियो में छेत्री इमोशनल दिखे, इस दौरान उन्होंने अपने डेब्यू मैच को याद किया।

## स्लोवाकिया के पीएम पर जानलेवा हमला, पीएम मोदी ने की निंदा

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर हुए जानलेवा हमले की खबर पर पीएम मोदी ने दुख जताया है तथा इसे हमले के कायरतापूर्ण बताते हुए निंदा की। दरअसल कल एक राजनीतिक कार्यक्रम के दौरान स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को कई गोलियां मारी गईं, जिसने इस छोटे से देश को झकझोरकर रख दिया है तथा पूरे यूरोप में इसकी गूंज सुनाई दे रही है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा 'स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको पर गोलीबारी की खबर से गहरा सदमा पहुंचा। इस मुश्किल समय में भारत स्लोवाकिया के लोगों के साथ खड़ा है।' खबर के अनुसार, रॉबर्ट फिको हैंडलोवा शहर में अपने समर्थकों से मिल रहे थे। इसी दौरान हमलावर ने करीब से पांच गोलियां मार दी। प्रधानमंत्री के सुरक्षाकर्मियों ने मौके से ही आरोपी हमलावर को



पकड़ लिया, जिसकी पहचान जुराज सिनटुला (71 वर्षीय) के रूप में हुई है। आरोपी एक कवि है और बताया जा रहा है कि वह, रॉबर्ट फिको की नीतियों से नाराज था और इसी के चलते उसने फिको पर हमला किया।


## अब चाय-काफी शौकीनों को अलर्ट किया आईसीएमआर ने

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने भारतीयों को चाय और कॉफी का सेवन सीमित करने की सलाह दी है। आईसीएमआर ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन के साथ जारी दिशानिर्देशों में बताया कि चाय और कॉफी के अत्यधिक सेवन से बचना चाहिए क्योंकि उसमें कैफीन होता है जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को उत्तेजित करता है और साइकोलॉजिकल डिपेंडेंसी (शारीरिक निर्भरता, यानी आपके शरीर को किसी खाद्य पदार्थ की लत लग जाए और वो उसके बिना ठीक से काम ना करे) को प्रेरित करता है। प्रोटीन सप्लीमेंट से परहेज करने की भी सलाह दी गई है व कहा गया है कि 150 मिलीलीटर कप ब्रूड कॉफी में 80-120 मिलीग्राम कैफीन होता है, जबकि इंस्टेंट कॉफी में 50-65 मिलीग्राम और चाय में 30-65 मिलीग्राम होता है। आईसीएमआर ने कहा है कि 300 मिलीग्राम से ज्यादा कैफीन का सेवन बिल्कुल नहीं करना चाहिए। साथ ही भोजन से एक घंटे पहले और बाद में इसका सेवन न करने की भी सलाह दी है।



## भारत चांद पर, हमारे बच्चे गटर में: पाक सांसद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी नेता सईद मुस्तफा कमाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो गया है। वो मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान पार्टी से हैं। उन्होंने संसद में कराची के लोगों को आने वाली दिक्कतों के बारे में बताया। अपने भाषण के दौरान वो भारत की तारीफ भी करने लगे, उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में बच्चे गटर में गिरकर मर रहे हैं और भारत चांद पर जा रहा है. उन्होंने कराची में गटर पर ढक्कन न होने पर चिंता जाहिर की। जिसमें गिरकर अक्सर बच्चे मर जाते हैं। कमाल ने कहा, एक ही स्क्रीन पर एक खबर है कि इंडिया चांद पर चला गया और उसके 2 सेकंड के बाद खबर है कि कराची में किसी गटर का ढक्कन न होने की वजह से बच्चा गटर में गिरकर मर गया। ये 15 सालों से हर तीसरे दिन की खबर है।



## ग्वालियर लाई गई माधवीराजे की देह, शाम को अंतिम संस्कार



**ग्वालियर, एजेंसी।**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां राजमाता माधवीराजे सिंधिया की पार्थिव देह आज ग्वालियर लाई गई है। उनका कल दिल्ली में निधन हुआ था। पिछले दो महीने से बीमार होने से दिल्ली एम्स में भर्ती थीं। दोपहर से रानी महल में राजमाता का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। शाम 5 बजे सिंधिया छत्री पर उनका राजसी परंपरा के अनुसार अंतिम संस्कार किया जाएगा। 75 वर्षीय माधवीराजे का ताल्लुक नेपाल राजघराने से रहा है। शादी से पहले उनका नाम किरण राजलक्ष्मी देवी था। माधवराव सिंधिया से विवाह के बाद मराठी परंपरा के तहत नाम बदलकर माधवीराजे किया गया था। उनके निधन पर सीएम मोहन यादव, पूर्व सीएम कमलनाथ समेत कई नेताओं ने दुख जताया है। मूलत- नेपाल की रहने वाली माधवीराज के दादा जुद्ध शमशेर बहादुर नेपाल के प्रधानमंत्री व राणा वंश के मुखिया भी रहे थे। 1966 में माधवराव सिंधिया के साथ उनका विवाह हुआ था। माधवराव के निधन के बाद उन्हें राजमाता कहा जाने लगा।

## इजराइल हमले में भारतीय अधिकारी की मौत पर संयुक्त राष्ट्र सख्त

**नई दिल्ली ।** संयुक्त राष्ट्र ने उसके यहां कार्यरत भारतीय अधिकारी सेवानिवृत्त कर्नल वैभव अनिल काले की दक्षिण गाजा के संघर्षरत राफा में इस्राइली हमले में हुई मौत की जांच के आदेश दिए हैं। गाजा पर हमलों में अपने पहले अंतरराष्ट्रीय अधिकारी की मौत पर संयुक्त राष्ट्र ने कड़ा रुख अपनाया है। पूर्व कर्नल वैभव, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा-संरक्षा विभाग में कार्यरत थे। वे अपनी सहकर्मी के साथ राफा में यूरोपीय अस्पताल जा रहे थे। हमले में उनकी सहयोगी भी घायल हुईं। संयुक्त राष्ट्र ने कर्नल काले की मौत पर शोक व्यक्त किया और भारत से खेद जताया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि भारत ने जो योगदान दिया है हम उसकी सराहना करते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-जीएसटी के हर केस में गिरफ्तारी जरूरी नहीं

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि जीएसटी एक्ट से संबंधित तमाम केसों में गिरफ्तारी जरूरी नहीं है। गिरफ्तारी तभी होनी चाहिए जब गिरफ्तारी के लिए ठोस साक्ष्य और सामग्री मौजूद हो जिसके आधार पर दोषसिद्धी साबित की जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने जीएसटी एक्ट के प्रावधानों की संवधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखते हुए यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने अडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि जीएसटी एक्ट यह नहीं कहता है कि छानबीन पूरी करने के लिए आपको गिरफ्तारी करनी जरूरी है। यह कानून का उद्देश्य नहीं है। आपको जीएसटी के हर मामले में गिरफ्तार करने की जरूरी नहीं है। गिरफ्तारी तभी हो सकती है जब इसके लिए विश्वसनीय ठोस आधार हो। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा।




**मेट्रो एंकर** आईसीएमआर की निगरानी में तैयार हो रही गाइडलाइन

# पहल: फेफड़ों के कैंसर का सटीक इलाज ढूंढ़ेंगे 100 डॉक्टर्स

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

वायु प्रदूषण और कैंसर का बोझ झेल रहे फेफड़ों के इलाज को लेकर डॉक्टर एकमत नहीं है। इसका उपचार भी समान नही है। इसकी वजह से यह रोग भयावह रूप ले रहा है। बि सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित गाइडलाइन तैयार करने का निर्णय लिया है। खबरों के मुताबिक सरकार ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है, इस संस्थान ने देश के 100 नामी विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन कर 15 टीमें भी बना दी हैं। ये टीमें धूम्रपान-तंबाकू, वायु प्रदूषण, कम खुराक वाली कंप्यूटेड टोमोग्राफी, चेस्ट रेडियोग्राफ, कीमो, इम्यूनो और रेडियोथेरेपी के अलावा सर्जरी को लेकर वैज्ञानिक साक्ष्यों को एकत्रित करेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत में सभी तरह के कैंसर में 5.9 प्रतिशत योगदान फेफड़े के कैंसर का है। इसके अलावा हर साल कैंसर से मरने वालों में 8.1 फीसद हिस्सेदारी भी है। द लांसेट मेडिकल जर्नल में प्रकाशित वैश्विक रिपोर्ट 2021 के अनुसार, भारत में फेफड़ों के कैंसर की आयु-मानकीकृत घटना दर 1990 में 6.62 प्रति एक लाख से बढकर 2019 में 7.7 तक पहुंची है।



### इसलिए जरूरी गाइडलाइन

आईसीएमआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फेफड़ों के कैंसर के इलाज को लेकर मौजूदा समय में देश में राष्ट्रीय स्तर पर गाइडलाइन लागू नहीं है। अगर एक मरीज दिल्ली में किसी डॉक्टर से इलाज करा रहा है तो उसके तौर तरीके कर्नाटक या फिर तमिलनाडु में इलाज करने वाले डॉक्टर से भिन्न हो सकते हैं। इसके फायदे और नुकसान दोनों है। इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर गाइडलाइन की आवश्यकता है।

### 15 में से चार टीमें यूपी की

गाइडलाइन बनाने वाली 15 में से चार टीमें उत्तर प्रदेश से हैं। इनमें गोरखपुर एम्स, नोएडा स्थित आईसीएमआर का एनआईसीपीआर और लखनऊ के केजीएमयू व कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञ शामिल हैं। वहीं हरियाणा, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से एक एक संस्थान के डॉक्टरों को लिया है। पंजाब और चंडीगढ़ से दो-दो टीमें तैनात की हैं।

## चारधाम यात्रा में उमड़े लोग, सरकार ने बंद किये पंजीयन



**ऋषिकेश, एजेंसी।**

चारधाम यात्रा के लिए इन दिनों भक्तों का ऐसा सैलाब उमड़ रहा है कि सारी व्यवस्थाएं कम पड़ने लगी है। इस कारण से यात्रा के दौरान भारी श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्था का भी सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में चारधाम यात्रा को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से दो दिन के लिए तीर्थयात्रियों का पंजीयन रोक दिया गया है। भारी भीड़ के सामान प्रशासन भी लाचार हो गया है। ऋषिकेश में सभी होटल बुक हैं और यात्रियों को रात गुजारने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। प्रशासन ने ऋषिकेश में ठहरे तीर्थयात्रियों के लिए ट्रांजिट कैंप में हैंगर व टेंट के अलावा धर्मशालाओं, स्कूलों तथा वेडिंग प्वाइंट में ठहरने की व्यवस्था की है। यहीं पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जा रही है।

### गर्मी का असर



उफ...यह तेज धूप... भोपाल में गर्मी के पारे ने फिर अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। धूप से खुद का बचाव करती युवतियां। फोटो निर्मल व्यास

# काटजू अस्तपाल में दर्द से कराहती रही महिला, वार्ड में हो गया प्रसव

## दो दिन पहले भी लापरवाही में जा चुकी है एक जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के काटजू शासकीय अस्पताल में नसबंदी का आपरेशन कराने आई एक महिला की मौत का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा है कि अब चिकित्सकीय स्टाफ की लापरवाही की एक और घटना सामने आ गई।जिसमें महिला का बेड पर ही प्रसव हो गया।





बताया जाता है कि अस्पताल में भर्ती एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। महिला के स्वजन नर्स समेत अन्य स्टाफ से महिला को आकार देखने की गुहार लगाते रहे, लेकिन किसी ने उसकी सुध नहीं ली। नतीजा यह हुआ कि महिला का बेड पर ही प्रसव हो गया। पीड़िता की ननद विनीता वर्मा ने बताया कि भाभी को 11 मई को भर्ती किया था। डिलीवरी की डेट नहीं आई थी, लेकिन भाभी को लगातार लेबर पेन हो रहा था। मौके पर नर्स और डाक्टर को भी इसके बारे में बताया, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। उनका कहना था कि मां बन रही है तो दर्द होगा ही। दोपहर के करीब साढ़े तीन बजे बिस्तर पर ही डिलीवरी हो गई। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन की तरफ से कोई भी नर्स और डॉक्टर उपलब्ध नहीं था। बाद में हंगामा होने के बाद डॉक्टर अन्य स्टाफ पहुंचा। इससे पहले मंगलवार को काटजू अस्पताल में नसबंदी कराने आई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। तब दोपहर करीब एक बजे रीना गौर नामक महिला को सर्जरी के लिए डाक्टर ओटी में ले गए। जैसे सर्जरी शुरू हुई महिला की स्थिति बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। मृतका के पति ने आरोप लगाया कि एनेस्थिसिया के ओवरडोज की वजह से उसकी पत्नी की मौत हुई है।

## नगर निगम का अजब तर्क- पहले कुत्तों की शिनाख्त कराएं

# कॉलोनी के पास मांस की दुकानें कुत्तों का जमावड़ा और आतंक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में आवारा कुत्तों की बढती संख्या और आम लोगों व बच्चों पर हमले के मामलों के बीच मांस की दूकानें व होटलों की बची सामग्री सड़कों पर फेंकना भी ऐसा कारण है जिससे कुत्तों का जमावडा हो रहा है और वे आपस में लडते हैं तथा राहगीरों पर भी हमले कर बैठते हैं। राजधानी के ऐसे कई बाजार व रहवासी क्षेत्र हैं जो समस्या को आमंत्रित कर रहे हैं। हाल में कोलार क्षेत्र में वार्ड 80 और 82 में आने वाली कॉलोनी के पास खुली मांस की दुकानें और कुत्तों के आंतक से रहवासियों को परेशानी का मामला मानव अधिकार आयोग पहुंचा है। इस मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। कॉल निवासियों का कहना है कॉलोनी के पास मांस की दुकानें एवं होटल रेस्टोरेंट खुले होने के कारण कुत्तों को बचा हुआ मांस और खाना दिया जाता है। इस कारण कुत्ते पूरे कॉलोनी में घूमते रहते हैं और आवाजाही करने वालों पर हमला और झुमा-झपटी करते है।

### कुत्ते की शिनाख्त जरूरी, तभी पकड़ने आयेगा अमला



भोपाल शहर में आए दिन शहरवासियों पर हो रहे कुत्ते के हमले के बाद नगर निगम द्वारा तर्क दिया गया जा रहा है कि ''जिस कुत्ते ने काटा है, पहले उसकी शिनाखत कराना जरूरी, उसके बाद ही पकड़ने आयेगा अमला। मामला आयोग तक पहुंचने के बाद आयोग ने नगर निगम आयुक्त, से मामले की जांच करकार जन सुरक्षा हेतु की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

### रात को सुलभ कॉम्प्लेक्स बंद, मरीज-परिजन परेशान

भोपाल शहर के हमीदिया अस्पताल के रैन बसेरे में रहने वाले मरीज एवं उनके परिजन को रात के समय सुलभ शोचालय के बंद होने के कारण कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि पिछले एक महीने से ऐसी स्थिति बनी हुई है। मामले में आयोग ने कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त से मामले की जांच कराकर रैन बसेरे में रहने वाले व्यक्तियों के लिये सुलभ कॉम्प्लेक्स की सुविधा अथवा अन्य वैकल्पिक व्यवस्था 24 घंटे उपलब्ध किये जाने के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन मांगा है।

### इन मामलों में भी जवाब तलब

आयोग ने भेल क्षेत्र के खजूरी वार्ड कार्यालय तुलसी परसिर के पास बीते दिनों से सीवेज की लाइन फूटी होने, कोलार क्षेत्र में स्थित दानिशकुंज ए-सेक्टर में कई साल पहले लगाई गई डीपी सड़क के निर्माण के बाद अब मुख्य सड़क के बीचो-बीच आने, सर्वधर्म पुल पर सीवेज का गंदा पानी बहने , साईनाथ कॉलोनी में रहने वाले एक बुजुर्ग की सड़क हादसे के बाद संदिग्ध हालात में मृत्यु होने, नागरिक आपूर्ति निगम में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को उनके वेतन नहीं मिलने, चूनाभट्टी क्षेत्र की दीपक कॉलोनी एवं जिंसी क्षेत्र के बैंक कॉलोनी में एक चार और सात साल के बच्चे पर कुत्ते के हमले करने के मामले में संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है।

# नर्मदा एक्सप्रेस समेत 6 ट्रेनें 31 तक आंशिक निरस्त, यात्रियों की फजीहत





**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के रानी कमलापति व भोपाल रेलवे स्टेशन होकर गुजरने वाली नर्मदा एक्सप्रेस समेत अप–डाउन की 6 ट्रेनें अलग–अलग तारीखों में 31 मई तक कुछ स्टेशनों के बीच निरस्त रहेगी। रेलवे ने इन ट्रेनों को ट्रैक मरम्मत व अन्य कामों के चलते निरस्त किया है। यह काम रतलाम मंडल के डॉ. अम्बेडकर नगर के रेलखण्ड पर राऊ - डॉ. अम्बेडकर नगर यार्ड स्टेशन में होगा।

### ये ट्रेनें प्रभावित

1. ट्रेन नंबर 18234 बिलासपुर - इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस प्रतिदिन 30 मई तक, ट्रेन नंबर 18233 इंदौर - बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस 31 मई तक दोनों दिशाओं में उज्जैन - इंदौर - उज्जैन के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।
2. ट्रेन नंबर 19324/19323 भोपाल - डॉ. आंबेडकर नगर -भोपाल एक्सप्रेस प्रतिदिन 31 मई 2024 तक दोनों दिशाओं में इंदौर तक जाएगी अर्थात इंदौर - डॉ. आंबेडकर नगर - इंदौर के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।
3. ट्रेन नंबर 11703 रीवा - डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस 16, 19, 21, 23, 26, 28 एवं 30 मई को व ट्रेन नंबर 11704 डॉ. आंबेडकर नगर - रीवा एक्सप्रेस दिनाँक 17, 20, 22, 24, 27, 29 एवं 31 मई को दोनों दिशाओं में उज्जैन तक जाएगी अर्थात उज्जैन - डॉ. आंबेडकर नगर - उज्जैन के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तमिलनाडु से सांसद कॉमरेड एम सेल्वाराज और मप्र भाकपा सदस्य कॉमरेड नरेन्द्र पाण्डे को पार्टी के राज्य कार्यालय शाकिर सदन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### ई -रिक्शा ऑटो चालक सेना की कार्यकारिणी

**भोपाल ।** जय हिंद सेना मध्यप्रदेश के बैनर तले ई रिक्शा ऑटो चालकों की कार्यकारिणी गठित की गई जिसमें ई रिक्शा ऑटो चालक सेना का प्रदेश अध्यक्ष अरुण पांडे नया भोपाल जिला अध्यक्ष सुधाकर साल्वे, शोभराज लोगरे उपाध्यक्ष, शरीफ कुरैशी सचिव रईस खान महामंत्री विकास दिलेर को सह सचिव नियुक्त किया गया है ।

# प्रतिभा एवं प्रतिभा प्लस के पुरस्कार के साथ शुरू हुआ एमसीयू माध्यम बैंड

## एमसीयू: राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक और कुलपति दिए प्रमाण पत्र, मैडल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रपति एवं संचार विश्वविद्यालय के गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में प्रतिभा 2024 एवं प्रतिभा प्लस पुरस्कार वितरण एवं एमसीयू माध्यम बैंड के शुभारंभ समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ के.जी. सुरेश ने की। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल के निदेशक ले. कर्नल आशीष अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में 19 सांस्कृतिक एवं 3 खेल प्रतियोगिताओं क्रिकेट, शतरंज और कैरम के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. के. जी. सुरेश ने अगले वर्ष प्रतिभा सुपर के आयोजन की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में आने वाले साल में देश के अन्य मीडिया विश्वविद्यालय एवं संस्थाओं को भी आमंत्रित किया जाएगा। उन विश्वविद्यालय, संस्थान के विद्यार्थी भी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगले साल से एमसीयू की संबद्ध अध्ययन संस्थान में भी प्रतिभा का आयोजन किया जाएगा। कुलपति प्रो. सुरेश ने सभी विजेता विद्यार्थियों की जमकर प्रशंसा की एवं उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की ।

### डीएलएड के लिए प्रवेश हुए शुरू



**भोपाल।** प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एम पी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन किए जा रहे हैं। संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई 2024 निर्धारित की गई है।

# राजेन्द्र मनवानी ग्लोबल प्राइड ऑफ सिंधी अवार्ड से सम्मानित

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

विश्व सिंधी हिंदू फेडरेशन ऑफ़ एसोसिएशंस ने विगत दिनों जुहू स्थित मुकेश पटेल ऑडिटोरियम मुंबई में हाजिर स्वरूप साई साधराम साहब जी एवं शाहजादा साई रोहित लाल साहब ने राजेन्द्र मनवानी को उनके सराहनीय सामाजिक कार्यों के लिए ग्लोबल प्राइड ऑफ सिंधी अवार्ड 2024 से सम्मानित किया । मंच पर साई कालीरामजी व अन्य धर्मगुरु उपस्थित थे।

ज्ञात रहे वर्तमान में राजेन्द्र मनवानी सिंधी काउंसिल ऑफ़ इंडिया यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मध्य प्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष, एसोसिएशन ऑफ टैक्स लॉयर्स ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय सह सचिव है एवं पूर्व में राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद भारत सरकार के सदस्य एवं टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष भी रह चुके है। मनवानी के ग्लोबल प्राइड सम्मान पर सिंधु भवन



ट्रस्ट के पदाधिकारीयो एवं साधु वासवानी एजुकेशनल सोसाइटी के पदाधिकारीयो सहित कई संस्थाओं ने विश्व सिंधी हिंदू फेडरेशन ऑफ़ एसोसिएशंस के अध्यक्ष गुरुमुख जगवानी, महासचिव राजू मनवाणी, संस्था के सदस्य पीटर ढलवानी एवं युवा नेतृत्व जितेंद्र जगवानी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फेडरेशन ने मनवानी जी का सम्मान कर उन्हें और अधिक सेवा कार्यों के लिए अभिप्रेरित किया है।

**मेट्रो एंकर**

## संतनगर में श्रीमद भागवत कथा का पांचवां दिन

# तीर्थ का फल मिलता है कथा श्रवण से:भक्ति प्रिया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन महंत भक्ति प्रियाजी भगवान कृष्ण की लीलाओं को वर्णन किया। उन्होंने कहा कि उनकी लीलाएं मां ने गोपियां कई बार शिकायत लेकर यशोदा मैया के पास जाती थी, तब वह अपनी लीलाओं से उनकी शिकायतों को गलत बता करके उन्हे ही रूला देते थे। भगवान श्री कृष्ण की माखन चोरी और मिट्टी खाने वालक प्रसंगों को सुनाया। श्री कृष्ण को छप्पन भोग भी लगाया गया।

भक्ति प्रिया ने कहा कि जीवन मृत्यु में हर समय प्रभु आपके साथ रहेगा बाकी तो सब जीवन की डोर तक। जीवन में प्रेम फैलाकर ऐसी भक्ति करिए जैसे मीरा ने की थी। जहर का प्याला मीरा ने पिया फिर भी वह अमृत हो गया। संत का हमेशा आदर करिए तुम्हारा पेट भर देंगे तुम्हारी झोली भर देंगे मन से वचन से व्यवहार से हमेशा संत का सम्मान करिए जहां-जहां संत जाते हैं वहां की माटी उठाकर माथे पर लगाइए।

भक्ति प्रियाजी ने कहा कि जो शर्तों में प्यार होता है वह प्यार सच्चा नहीं होता गुरु कृपा से बढ़कर कुछ भी नहीं है जिस पर गुरु का हाथ है उसे किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है बच्चों को आज आप शिक्षा के साथ संस्कार भी दीजिए जनेऊ धारण करवा कर रखिए, जनेऊ का महत्व बच्चों को बताइए।

संत श्री भक्ति प्रियाजी के साथ मंच पर स्वामी कृष्ण प्रेम जी, साध्वी मंजरी, साध्वी हरी प्रिया, साध्वी श्री प्रिया, साध्वी आकाश गंगा, चंद्रा, गीता, नीता, राजी, किशोरी प्रिया, चेतना, दीपिका मोनिका अजय, हिमांशी मौजूद थीं।

आशुजी ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में शिव महापुराण कथा वाचक मुकेश जी एवं राष्ट्रीय सिंधी मंच के जिला अध्यक्ष हीरो प्रमुख रूप से उपस्थित थे माता रोशनी जी अंकित नेनवानी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।



# गांधी सागर में चीतों के लिए तैयार होगा तार फेंसिंग का दूसरा घेरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
गांधी सागर अभयारण्य में चीतों के लिए तार फेंसिंग का दूसरा घेरा भी तैयार किया जाएगा। यह घेरा चीतों को संभावित संक्रमण से बचाने के लिए तैयार किया जाएगा। इसकी जरुरत चीता देने के लिए राजी दक्षिण अफ्रीका के चीता विशेषज्ञों ने बताई है। जिसके बाद अपर मुख्य सचिव वन जेएन कंसोटिया ने वन विभाग के अधिकारियों को गांधी सागर अभयारण्य में तार फेंसिंग के दूसरे घेरे का काम शुरू करने के निर्देश मंगलवार हुई बैठक में दिए।

अभी गांधी सागर अभयारण्य में चीते लाए नहीं है, उसके पहले ही उन पर संक्रमण का खतरा महसूस हुआ है। असल में दक्षिण अफ्रीका के चीता विशेषज्ञों का एक दल हाल ही में आया था, इसमें शामिल विशेषज्ञ दो दिन तक अभयारण्य में घूमें और मैदान स्थिति का जायजा लिया। सूत्रों के मुताबिक दल ने पाया कि तार फेंसिंग का जो पहला घेरा तैयार है, वहां तक दूसरे वन्यप्राणी पहुंचेंगे, जिसकी वजह से तार फेंसिंग के अंदर रह रहे चीतों को संक्रमण का खतरा हो सकता है। एसीएस वन जेएन कंसोटिया ने ली समीक्षा बैठक में चीता परियोजना से जुड़े अधिकारी शामिल हुए। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एसीएस ने हाल ही में गांधी सागर अभयारण्य का दौरा करने वाले दक्षिण अफ्रीकी दल के सुझावों पर बातचीत की। जिसमें कहा कि तार फेंसिंग का काम जल्दी पूरा किया जाए। एसीएस ने कूनो में रखे जा रहे चीतों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने खुले में रखे जा रहे चीतों के बाहर निकलने की वजह पूछी। उन्होंने गर्मी में चीता शावकों की विशेष देखरेख की बात कही।

## चीता देने के लिए राजी दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों ने दी है अफसरों को सलाह

### 21 किमी लंबा है तार फेंसिंग का पहला घेरा

गांधी सागर अभयारण्य में अभी जिस क्षेत्र को चीतों के लिए तैयार किया है, उसी हिस्से को तार फेसिंग से कवर्ड किया है, जिसकी लंबाई करीब 21 किलोमीटर है। दूसरा घेरा इसके बाहर से बनेगा। पहले और दूसरे घेरे के बीच जो वन क्षेत्र होगा, वह बफर जोन कहलाएगा।







# मतगणना की तैयारी में आयोग, बाकी इलाकों में सक्रिय प्रचारक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र में मतदान हो जाने के बाद अब चुनाव आयोग का पूरा फोकस मतगणना पर है और इसके लिये सभी जरूरी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मतगणना चार जून को होनी है। वहीं भाजपा और कां्ग्रेस नेता मतदान के अंतिम तीन चरणों के लिये विभिन्न राज्यों में प्रचार में जुटे हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव और पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान इस वक्त मप्र से बाहर अन्य राज्यों में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। बीती रात पश्चिम दिल्ली व उत्तर पश्चिम सीट पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए सीएम यादव ने कहाकि कांग्रेस पार्टी को उत्तरप्रदेश से चुनाव लड़ने के लिए 80 उम्मीदवार नहीं मिले और राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। राहुल में हिम्मत है तो वे दिल्ली से चुनाव लड़कर बताएं। पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर है और घमंडिया गठबंधन के सारे घमंडियों का घमंड जमीन पर आ रहा है।




वहीं दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी लगातार सभा कर रहे हैं। चौहान ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में आयोजित दलित महासम्मेलन में शिरकत की और चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। पूर्व सीएम ने कहा कि, स्वामी विवेकानंद कहते थे तुम केवल साढ़े तीन हाथ के हाड़-मांस के पुतले नहीं हो, तुम अमृत के पुत्र हो, ईश्वर के अंश हो, अनंत शक्तियों के भंडार हो और अमर आनंद के भागी हो। दुनिया में कोई ऐसा काम नहीं है जो तुम न कर सको। उन्होंने कहा कि, हम संकल्प लें कि, हम केवल इसलिए नहीं हैं कि एक सरकार बने, हम अपने देश के निर्माण के लिए हैं।

## जीतू का दावा, डबल डिजिट में जीतेगी कांग्रेस

इधर मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने चुनाव के चारों चरण पूरे होने के बाद प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि चार चरणों के चुनाव पूरे हो चुके है और भाजपा का अबकी बार 400 पार का नारा धूमिल होता जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि मप्र में भी भाजपा का 29 में से 29 का नारा भी फलीभूत नहीं होगा। हर बूथ पर भारतीय जनता पार्टी का 370 वोट ब?ाने का फार्मूला फेल हो गया और हर चरण में वोट प्रतिशत कम हुआ है इससे भाजपा का कार्यकर्ता निराश है। पटवारी ने कहा कि चुनाव के परिणाम आश्चर्यचकित करने वाले होंगे एवं कांग्रेस पार्टी मध्यप्रदेश में डबल डिजिट में लोकसभा की सीटें जीतेगी। चुनाव के बाद अब संगठन एवं विचारधारा पर कांग्रेस पार्टी काम करेगी। पटवारी ने कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री, भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के सभी नेता जनता को गुमराह करने वाले बयान दे रहे है। पटवारी ने कहा कि लगातार कांग्रेस के न्याय पत्र की आलोचना करते-करते मोदी स्वयं के वचन पत्र के एक भी वचन का जिक्र करना भूल गए इसका असर उनके नीचे के बूथ के कार्यकर्ता तक पर हुआ है। वहीं सीएम मोहन यादव का फोकट का अनाज वालाा बयान आदिवासियों का अपमान है। यादव का राज 3 सी पर चल रहा है कर्ज, क्राइम और करप्शन।



## महंगाई भत्ता
# कर्मचारियों का 9 हजार करोड़ का नुकसान !
### जून में ध्यान आकर्षण धरना देंगे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
राज्य सरकार के कर्मचारियों के लंबित महंगाई भत्ते का मामला फिर सिर उठा रहा है। दरअसल चार प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ न देकर के प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारियों को सरकार ने निराश कर रखा है। कर्मचारियों को महंगाई भत्ता न मिलने के कारण प्रतिमान 150 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इधर मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंप कर मांग की कि सरकार द्वारा 15 दिवस के अंदर महंगाई भत्ता देने का निर्णय लिया जाय सरकार को चेतावनी दी है कि यदि आदेश जारी नहीं हुएतो जून माह में मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच राज्य सरकार का ध्यान आकर्षण करने के लिए भोपाल में विशाल ध्यान आकर्षण धरना देगा। मंच अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि राज्य सरकार पहले ही प्रदेश के कर्मचारियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ न देकर कर्मचारियों का 700करोड़ रुपए का नुकसान कर चुकी है उससे पूर्व 3 साल समय पर महंगाई भत्ता न देकर कर्मचारियों का 9200 सौ करोड़ का नुकसान कर चुकी है।

दरअसल कर्मचारियों को आस थी कि सरकार लोकसभा चुनाव से पूर्व महंगाई भत्ते का आदेश जारी करेगी लेकिन सरकार ने महंगाई भत्ते की घोषणा लोकसभा चुनाव के दौरान न करके प्रदेश के 7~50 लाख कर्मचारियों को निराश कर रखा है। कर्मचारी मंच ने कहा है कि सरकार हर माह एक करोड़ 29 लाख 77 हजार 199 लाडली बहनाओं को 1219 करोड रुपए सौगात के रूप में दे रही है लेकिन कर्मचारियों को महंगाई के रूप में 150 करोड रुपए देने में आनाकानी कर रही है। जबकि प्रदेश के बगल के राज्य छत्तीसगढ़ और राजस्थान अपने कर्मचारियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ चुनाव की आचार संहिता के चलते ही दे चुके हैं। इसीलिये यदि अब कर्मचारियो को यदि 15 दिवस के अंदर राज्य सरकार ने महंगाई भत्ते का लाभ एरियार सहित नहीं दिया तो प्रदेश के कर्मचारी धरना देकर मुख्यमंत्री को महंगाई भत्ते के लिए ज्ञापन सौंपेंगे।

## बीयू: बीएड और एमएड के लिए परीक्षा आवेदन 20 मई तक भरे जाएंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के बैचलर ऑफ एजुकेशन (बीएड) के विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। बीयू प्रबंधन ने बीएड और एमएड के लिए परीक्षा आवेदन पत्र आनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से भरे जाने की अंतिम तिथियां ब?ा दी है। बीएड चतुर्थ सेमेस्टर (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) एमएड चतुर्थ सेमेस्टर (द्वि वर्षीय पाठ्यक्रम) बीएड चतुर्थ एवं एमएड चतुर्थ सेमेस्टर दिग्दिर्शिका शिक्षा संस्थान और बीएड चतुर्थ सेमेस्टर राजीव गांधी महाविद्यालय भोपाल के परीक्षा आवेदन पत्र सत्र 2023-24 नियमित एटीकेटी पूर्व विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र आनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से सामान्य शुल्क के साथ अब 20 मई तक भरे जा सकेंगे। पूर्व में इसके लिए अंतिम तारीख 14 मई तय की गई थी।



**21 से 300 रुपए विलंब शुल्क:** विलंब शुल्क 300 रुपए के साथ 21 से 24 मई तक किए जा सकेंगे। विशेष विलंब शुल्क 1000 रुपए के साथ 25 मई से परीक्षा शुरू होने के तीन दिन पहले तक जमा किए जा सकेंगे।

## कृषकों के लिए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि अब 31 मई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋ्रण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई नियत की है। सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋ्रण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋ्रण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं। केवल ऐसे कृषकों जिनके द्वारा निर्धारित ड्यू डेट 30 अप्रैल तक समर्थन मूल्य पर अपने विभिन्न फसलों जैसे - गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि का विक्रय किया है। योजनान्तर्गत खरीफ सीजन की निर्धारित ड्यू डेट 30 अप्रैल को बढ़ाकर 31 मई किया है।




**मेट्रो एंकर** | **एनआईटीटीटीआर ने लिंकेज टेक्नोलॉजीज के साथ किए एमओयू पर हस्ताक्षर**

# संस्थान और उद्योग साथ मिलकर आयात पर निर्भरता कम कर सकते है: प्रो. सीसी त्रिपाठी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) ने लिंकेज टेक्नोलॉजीज भोपाल के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर निटर निदेशक प्रो सी.सी त्रिपाठी ने कहा कि आज टेक्निकल इंस्टीटूशन्स को इंडस्ट्री की रियल प्रोब्लेम्स पर कार्य करना जरूरी है। तकनीकी संस्थान और उद्योग साथ मिलकर आयात पर निर्भरता कम कर सकते हैं। तकनीकी शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट एवं रिसर्च के क्षेत्र में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सभी संस्थानों की विशेषज्ञता एवं संसाधनों का परस्पर सहयोग जरूरी है। इस एमओयू के माध्यम से स्टूडेंट एवं फैकल्टी को ट्रेनिंग, रिसर्च, कंसल्टेंसी के क्षेत्र में इंडस्ट्रियल एक्सपीरिएंस मिलेगा।



### स्वदेशी प्रोडक्ट बनाने के लिए अपार संभावनाएं

लिंकेज टेक्नोलॉजीज के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक शर्मा ने कहा कि आज भारत में इंडस्ट्रीज के सामने स्वदेशी प्रोडक्ट बनाने के लिए अपार संभावनाएं हैं। पिछ्ले कुछ वर्षों में मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट के कारण आयात पर भी निर्भरता कम हुई है जो की देश के लिए एक शुभ संकेत है। दीपक शर्मा ने कोविड समय में उनकी कंपनी द्वारा विकसित स्वदेशी प्रोडक्ट की भी जानकारी दी।

कभी-कभी हम परिवर्तन की लहरों में इतना तेज बह जाते है की..हम अपनी असली दिशा ही भूल जाते है....!!

## संपादकीय

# महंगाई और आंकड़े

आम चुनाव में महंगाई भी एक मुद्दा है और इसे लेकर विपक्षी दल सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन यह भारत के लिये बीते कुछ सालों से ऐसा विषय है जिस पर चुनावी चर्चा के बजाए सार्थक व सघन संवाद होना चाहिये था,लेकिन नहीं हुआ है। आज भले ही सरकार महंगाई पर काबू पाने के लिए कई वर्ष से प्रयास कर रही है, मगर इसमें स्थिरता नहीं आ पा रही। रिजर्व बैंक ने खुदरा महंगाई पांच फीसद के नीचे रखने की मंशा से कई बार बैंक दरों में बढ़ोतरी की और अभी तक वह उनमें कटौती करने के बारे में सोच भी नहीं पा रहा। खुदरा महंगाई पिछले महीने बढ़ कर 7.74 फीसद पर पहुंच गई। अब थोक महंगाई अपने तेरह महीने के उच्च स्तर पर है। पिछले महीने यह 1.26 फीसद दर्ज हुई। जबकि पिछले वर्ष मार्च में यह 1.41 फीसद थी। थोक महंगाई पिछले दो महीने से लगातार बढ़ रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का कहना है कि अप्रैल महीने में खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पाद विनिर्माण और अन्य विनिर्माण क्षेत्रों में उत्पाद की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से थोक महंगाई बढ़ी है। इस स्थिति में कब तक सुधार की संभावना है, इसे लेकर कोई आकलन पेश नहीं किया गया है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में कब नरमी दर्ज होगी, कहना मुश्किल है। विश्व में जिस तरह संघर्ष की स्थिति व मंदी का दौर है, उसमें कीमतों में कमी को लेकर कोई दावा नहीं किया जा सकता। विनिर्माण और बिजली क्षेत्र में महंगाई बढ़ने की वजहें भी साफ हैं। कोयला उत्पादन क्षेत्र में विकास दर सुस्त बनी हुई है, आयात बढ़ा है। ऐसे में बिजली उत्पादन पर असर स्वाभाविक है। विनिर्माण में लागत पर खुदरा महंगाई का भी असर होता है। कोयला और बिजली की कीमतें बढ़ने से भी इस क्षेत्र में महंगाई बढ़ती है। इससे जाहिर है कि अभी आने वाले समय में जल्दी इस स्थिति में किसी सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती। महंगाई का एक बड़ा कारण विकास दर में असंतुलन भी होता है। कुछ क्षेत्रों में विकास दर ऊंची है, तो कुछ में नीचे का रुख है। थोक महंगाई बढ़ने का अर्थ है कि खुदरा महंगाई पर उसका सीधा असर पड़ना। अगर वस्तुओं के उत्पादन पर लागत बढ़ेगी, तो खुदरा वस्तुओं की कीमतें उसके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ी हुई दर्ज होंगी। चूंकि यह चुनाव का वक्त है लिहाजा थोक महंगाई के ताजा आंकड़े एक बार फिर उन्हें सत्तापक्ष की आलोचना का अवसर देंगे। यह एक अजीब तरह का असंतुलन है कि देश की अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ है, जबकि महंगाई एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसकी कुछ वजहें साफ हैं।फिलहाल तो महंगाई को सहनशील स्तर पर लाने के लिए जरूरी है कि बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़ाया जाए, मगर बेरोजगारी बढ़ने, प्रति व्यक्ति आय घटने और क्रयशक्ति छीजती जाने की वजह से बाजार में संतुलन नहीं बन पा रहा। जिस मौसम में नई फसल की आवक तेज होती है, उसमें भी खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें ऊंची रहती हैं। दूसरी तरफ किसान फसलों की वाजिब कीमत न मिल पाने से परेशान दिखते हैं। जब तक अर्थव्यवस्था में कायम असंतुलन दूर करने का प्रयास नहीं होता, महंगाई पर काबू पाना कठिन ही बना रहेगा। महंगाई का आकलन थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर किया जाता है, वास्तविक महंगाई उससे कहीं अधिक होती है। यही वजह है कि जब सरकारी आंकड़ों में महंगाई का स्तर घटा हुआ दर्ज होता है, तब भी आम उपभोक्ता की जेब को कोई राहत नहीं मिलती।

## जोखिम हर टीके में...

# ईमानदार संवाद से जनता को स्वास्थ्य व्यवस्था पर भरोसा दिलाना जरूरी

■ पत्रलेखा चटर्जी




जैसे ही एंग्लो-स्वीडिश फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटिश अदालत में यह स्वीकार किया कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन कुछ दुर्लभ मामलों में टीटीएस (थ्रोम्बोसिस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम) का कारण बन सकती है, भारत में खलबली मच गई। इसे स्वास्थ्य एवं विज्ञान की कम समझ रखने वाले सोशल मीडिया एन्फ्लुएंसर ने और तेजी से बढ़ाया। टीटीएस की वजह से लोगों में रक्त के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स में भी कमी आती है। ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका वैक्सीन, जिसे कोविशील्ड नाम दिया गया था, को भारत में पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ने तैयार किया और बेचा था।चूंकि देश में इन दिनों चुनावी मौसम है, इसलिए अचानक ही यह मुद्दा सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीतिक खेल का हिस्सा बन गया। एस्ट्राजेनेका ने दुनिया भर से अपने कोविड-19 टीके को वापस मंगवाने की पहल की, लेकिन यह मुद्दा खबरों में बना हुआ है। थाईलैंड के अनुसार देश भर में दी गई 4.87 करोड़ खुराक में से केवल सात मामलों में टीटीएस के संदिग्ध मामले पाए गए, जो खतरे की दर को कम दर्शाता है। भारत में इसके प्रति घबराहट का एक मुख्य कारण घरेलू राजनीति है। भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा कोविड-19 टीकाकरण अभियान चलाया, जो मुख्यतः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व के इर्द-गिर्द केंद्रित रहा। अब सत्ताधारी पार्टी को घेरने वाले सोशल मीडिया एन्फ्लुएंसर और विपक्षी नेता एस्ट्राजेनेका वैक्सीन विवाद में कूदकर राजनीतिक लाभ उठाना चाहते हैं।

अब तक हम जानते हैं कि एस्ट्राजेनेका वैक्सीन के दुष्प्रभाव बहुत ही दुर्लभ हैं। 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी इसका समर्थन किया। अप्रैल 2021 में डब्ल्यूएचओ ने कहा था, नवीनतम उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर वैक्सजेवरिया और कोविशील्ड टीकों के साथ टीटीएस का जोखिम नगण्य जान पड़ता है। ब्रिटेन के आंकड़ों से पता चलता है कि टीका लगवाने वाले दस लाख वयस्कों में से चार मामलों में टीटीएस का जोखिम था। यानी ढाई लाख पर एक मामला, जबकि यूरोपीय संघ में यह दर अनुमानित रूप से एक लाख पर एक मामला है। कोविड-19 टीकाकरण के बाद टीटीएस जोखिम को लेकर देशों को इसके हानि-लाभ का विश्लेषण करना चाहिए, जो स्थानीय महामारी विज्ञान, टीकाकरण के लिए लक्षित आयु वर्ग और वैकल्पिक टीकों की उपलब्धता पर विचार करता हो। इन दुर्लभ दुष्प्रभावों के जोखिम में भौगोलिक आधार पर भिन्नता हो सकती है। इसलिए सभी देशों में टीटीएस के संभावित मामलों का आकलन महत्वपूर्ण है।

साक्ष्यों से पता चलता है कि वैक्सीन की पहली खुराक लेने के कुछ दिनों या हफ्तों बाद टीटीएस के लक्षण सामने आते हैं, न कि वर्षों बाद। यदि वैज्ञानिक समुदाय को कोविशील्ड वैक्सीन के संभावित दुर्लभ दुष्प्रभावों के बारे में पता था, तो फिर लोगों में इतनी दहशत क्यों है? इसका मुख्य कारण है कि टीका संबंधी प्रभावी संदेश के प्रसार के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए गए। प्रत्येक टीके के कुछ जोखिम होते हैं, लंबे समय से प्रचलित टीके के भी। लेकिन गंभीर दुष्प्रभाव दुर्लभ हैं। इसके अलावा दुष्प्रभावों से संबंधित आंकड़े इकट्ठा करने का तंत्र भी पारदर्शी नहीं था और टीकाकरण के बाद के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करना प्राथमिकता में नहीं था। इससे गलतफहमी पैदा हुई। हम चिंताओं को नकार नहीं सकते। कोविशील्ड समेत हरेक टीके के दुष्प्रभाव होते हैं, इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। लोगों का विश्वास कायम करना जरूरी है, जो टीकाकरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य का आधार है। भारत में कोई संगठित टीका विरोधी आंदोलन नहीं है, फिर भी भारत को पोलियो मुक्त होने में कई दशक लगे। मुख्यत~ उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों, खासकर अल्पसंख्यक समुदाय में छोटे बच्चों में टीका लगवाने को लेकर आपत्ति थी। उनके भय को दूर करने के लिए काफी प्रयास करने पड़े थे। एनएफएचएस-5 (नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे) 2019-21 के अनुसार, देश में पूर्ण टीकाकरण कवरेज 76.1 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि चार में से एक बच्चा जरूरी टीकों से वंचित है। टीके के बारे में एक खुले ईमानदार संवाद की सख्त जरूरत है। जनता के भय को दूर कर यह भरोसा दिलाने की जरूरत है कि स्वास्थ्य व्यवस्था उन्हें निराश नहीं करेगी।

**- साभार: यह लेखक के विचार हैं।**

## निशाना

### सोची समझी चाल है !



- कृष्णेन्द्र राय

जानबूझकर ऐसे वो ।
देते हैं बयान ।।
कर के ऐसा खुद का ।
गिरा रहे सम्मान ।।
सोची समझी चाल है ।
कुछ ना और सुहाता ।।
सोचते परिणाम वो ।
अच्छा इससे आता ।।
गए स्वयं हैं डूब ।
औरों को डुबाया ।।
साधे चुप्पी साथ वाले ।
दिन है ऐसा आया ।।
आए थे उपहार लेने ।
रह गयी झोली ख़ाली ।।
सूखे से संतोष ।
मिली ना हरियाली ।।

## आज का इतिहास

- 1811 प्रायद्वीपीय युद्ध-ब्रिटिश, स्पैनिश, और पोपुलर सैन्य टुकड़ियों का एक संबद्ध बल, स्पेन के अल्बुएरा साउथोफ बैदजोज़ की लड़ाई में फ्रांसीसी के साथ भिड़ गया।
- 1811 प्रायद्वीपीय युद्ध-ब्रिटिश, स्पेनिश और पुर्तगाली सैनिकों की एक संबद्ध सेना, स्पेन के अल्बुएरा साउथोफ बैदजोज़ की लड़ाई में फ्रांसीसी के साथ भिड़ गई।
- 1812 रूसी फील्ड मार्शल मिखाइल कुतुज़ोव, बुखारेस्ट की संधि पर हस्ताक्षर किये जिसके परिणामस्वरूप रूस-तुर्की युद्ध समाप्त हुआ और बेस्सारबिया को इंपीरियल रूस से जोड़ा गया।
- 1817 मिसिसिपी नदी पर स्टीमबोट सेवा की शुरूआत हुई।
- 1843 एल्म ग्रोव, मिसौरी के एक हज़ारपोनियों के साथ ओरेगन ट्रेल (चित्र के अनुसार) पर प्रशांत नॉर्थवेस्टसेट के लिए पहली प्रमुख वैगन ट्रेन हेडिंग।
- 1862 जीन जोसेफ एटिनी लेनोयर पहला ऑटोमोबाइल तैयार किया।
- 1869 सिनसिनाटी रेड्स ने अपना पहला बेसबॉल गेम 41-7 से जीता।
- 1872 मेट्रोपॉलिटन गैस कंपनी का लैंप पहली बार जलाया गया।
- 1875 वेनेजुएला और कोलंबिया में भूकंप से 16 हजार लोगों की मौत हुई।
- 1877 1877 फ्रांस में राजनीतिक संकट आरम्भ हुआ।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस कल

# आधुनिक जीवन का अभिशाप है हाई ब्लडप्रेशर

■ ललित गर्ग



उच्च रक्तचाप यानी हाई ब्लड प्रेशर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके रोकथाम, पहचान और नियंत्रण को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल 17 मई को 'विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है।' वर्तमान में दुनिया भर में उच्च रक्तचाप से करीब डेढ अरब से अधिक लोग पीड़ित हैं। दुनिया भर में उच्च रक्तचाप वाले अनुमानित 46 फीसदी लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्हें उच्च रक्तचाप है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक उच्च रक्तचाप वाले पांच में से सिर्फ एक वयस्क इसे नियंत्रण में रखता है, जिसका अर्थ है कि 80 फीसदी को भारी खतरा है, जिसमें दिल का दौरा, स्ट्रोक, अनियमित दिल की धड़कन और गुर्दे को नुकसान पहुंचना आदि शामिल है। इस वर्ष की थीम के तहत 'अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें और लंबे समय तक जीवित रहें', इस पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उच्च रक्तचाप के प्रमुख कारण हैं मोटापा, तनाव, अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, नियमित शारीरिक गतिविधि न करना, धूम्रपान, अल्कोहल, आहार में सोडियम (नमक) की अत्यधिक मात्रा और मधुमेह जैसी कुछ स्थितियाँ भी इसका कारण बन सकती हैं। गर्भावस्था के दौरान भी उच्च रक्तचाप हो सकता है।

नयी सदी की दहलीज पर खड़े महत्त्वाकांक्षी युवा-वर्ग के सामने प्रतिस्पर्धाओं का अंतहीन माहौल है। यदि वह इस बाधा दौड़ में हारता है, तो नकारात्मक तनावों से घिर जाता है, यदि जीतता है तो नयी-नयी स्पर्धाओं का चुनौति भरा संघर्ष फिर शुरू हो जाता है। अपनी विजय को स्थायी रखने तथा नये-नये कीर्तिमान स्थापित करने के लिए छल-प्रपंच और झूठ का सहारा लेता है। वैज्ञानिक कहते हैं दुनिया में जितना अधिक झूठ बड़ा है, उतना ही अधिक हाई ब्लड प्रेशर का खतरा भी बड़ा है। झूठ का रास्ता कभी सीधा नहीं होता। उबड़-खाबड़, टेड़ा-मेड़ा और घुमावदार होता है वह। कुटिल व्यक्ति के विचार सदा प्रदूषित रहते हैं। यह मन का प्रदूषण उच्च रक्तचाप की जड़ है। उच्च रक्तचाप से जुड़े तमाम खतरों के बीच प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं (अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड) का बड़ता चलन चिंताजनक है। चिंता इसलिए कि खतरों को जानते-बूझते भी ऐसे खाद्य पदार्थों की बाजार में उपलब्धता ज्यादा होने लगी है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के हाल ही में सामने आए एक अध्ययन में बताया गया है कि नियमित रूप से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ खाने से समय पूर्व मौत का जोखिम चार फीसदी बड़ जाता है, जिसमें उच्च रक्तचाप प्रमुख है। आमतौर पर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ रेडी टू यूज होते हैं। पैकेट वाले स्नैक्स, डिब्बाबंद फूड, कोल्ड ड्रिंक इसकी श्रेणी में आते हैं। हाई ब्लडप्रेशर का खतरा महिलाओं से ज्यादा पुरुषों में होता है। इससे बचने के लिए न केवल डाइट और लाइफ स्टाइल पर ध्यान देने की जरूरत है बल्कि तनाव को कम करना और शरीर को सक्रिय बनाए रखने के लिए एक्सरसाइज भी बेहद जरूरी है। आजकल 18 साल से 50 वर्ष के लोग हाइपरटेंशन के अधिक शिकार हैं। हालांकि साठ साल की उम्र से पहले पुरुषों में उच्च रक्तचाप का खतरा ज्यादा रहता है, पर बाद में स्त्री-पुरुष दोनों में ही खतरे की आशंका बराबर होती है।

देखा गया है कि जो व्यक्ति गुस्सा नहीं करते, वो कम बीमार होते हैं। जिस व्यक्ति को गुस्सा ज्यादा आता है, उनमें ब्लडप्रेशर, हाइपरटेंशन, गंभीर रूप से पीठ में दर्द की शिकायत देखी गई है। इसके साथ ही ऐसे लोगों को पेट की शिकायत भी हो सकती है। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस उच्च रक्तचाप की रोकथाम और नियंत्रण के महत्व के बारे में जागरूकता बड़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें नियमित व्यायाम करना, स्वस्थ भोजन और संतुलित आहार खाना, तंबाकू, अत्यधिक शराब और धूम्रपान से बचना शामिल है। जीवनशैली में ये बदलाव उच्च रक्तचाप और इसकी जटिलताओं के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। व्यक्ति की भावनाएं, सोच, विचार और आदत में अन्तरसंबंध होता है। हमारे विचार, हमारे सोच को प्रभावित करते हैं और सोच से आदत बदलती है। इसके लिए आपको नियमित व्यायाम करना चाहिए। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस का एक प्रमुख संदेश नियमित रक्तचाप की निगरानी का महत्व है। उच्च रक्तचाप को अक्सर 'साइलेंट किलर' कहा जाता है क्योंकि आमतौर पर इसके कोई लक्षण नहीं होते हैं जब तक कि यह गंभीर जटिलताएं पैदा न कर दे। नियमित रक्तचाप जांच से उच्च रक्तचाप का शीघ्र पता लगाने और जटिलताओं को रोकने के लिए समय पर हस्तक्षेप करने में मदद मिल सकती है। स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर द्वारा बताई गई दवाएं लेना भी शामिल है।

चिकित्सा-विज्ञान की अपूर्व प्रगति ने मनुष्य को इस जीवनघाती व्याधि से बचाने में कल्पनातीत सहयोग दिया है। रोग-निदान करने वाले अति संवेदी सूक्ष्म उपकरण, औषध-विज्ञान और सफल शल्य-क्रिया-ये सब किसी मृत्युंजयी तत्त्व से कम नहीं हैं। आश्चर्य तो इस बात का है कि इतना सब कुछ होते हुए भी उच्च रक्तचाप जैसी जानलेवा बीमारी का राक्षसी-पंजा नियंत्रण के बाहर है। जो चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं, वे आम-आदमी के लिए अलभ्य हैं। इस महंगी चिकित्सा-सेवा के द्वारा संपन्न व्यक्ति भले ही मृत्यु के निमंत्रण को एक अवधि तक टाल दें, किंतु गरीबों की दयनीय दशा की कल्पना कौन कर सकता हैड़ मियामी विश्वविद्यालय अमेरिका के वैज्ञानिकों/डॉक्टरों ने अपनी संयुक्त विज्ञप्ति में अपील की है कि मानसिक तनावों को अपने पर हावी न होने दें। इस संबंध में लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के तौर-तरीके सिखाने चाहिए। उनका मानना है कि निरंतर तनाव-ग्रस्त रहने और भोजन में चिकने पदार्थों का अधिक सेवन करने वालों पर हाई ब्लड प्रेशर का आक्रमण आसानी से हो जाता है। तनाव मुक्त रहने से शरीर की रोग-प्रतिरोधक शक्ति सुरक्षित रहती है।

तमाम तरह के शोध इस बात का खुलासा करते रहे हैं कि ऐसे डिब्बा बन्द खाद्य पदार्थों में शुगर, फैट और नमक की मात्रा काफी अधिक होती है, जबकि फाइबर व अन्य पोषक तत्व कम होते हैं। इसीलिए प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुएं उच्च रक्तचाप से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को बड़ा देती हैं। लोग बेपरवाह होकर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। खास तौर से नई पीड़ी को ऐसी खाद्य वस्तुएं अधिक लुभा रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस की ओर से जारी एक रिपोर्ट में पाया गया कि भारत का प्रसंस्कृत खाद्य बाजार 2011 से 2021 तक 13.37 फीसदी की सालाना दर से बड़ा है। हालांकि कोविड-19 महामारी के दौरान इस क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 5.50 प्रतिशत रह गई थी, लेकिन यह अस्थायी दौर था। इसके बाद फिर इनकी उपलब्धता सहज होने लगी। उच्च रक्तचाप से ग्रस्त रोगियों में नियंत्रित परीक्षणों से पता चलता है कि पूरक पोटेशियम, फाइबर, एन-3 फैटी एसिड और फलों और सब्जियों से भरपूर और कम संतृप्त वसा वाले आहार से रक्तचाप में कमी आती है। कुछ जनसंख्या अध्ययन आहार प्रोटीन और रक्तचाप के स्तर के बीच विपरीत संबंध दिखाते हैं। नियमित रूप से कॉफी पीने से उच्च रक्तचाप के रोगियों में रक्तचाप बड़ जाता है। 'तनाव' की भूमिका रहस्यमय बनी हुई है, 'नौकरी का तनाव' एवं 'पारिवारिक तनाव' उच्च रक्तचाप के लिए एक संभावित स्वतंत्र जोखिम कारक है।

चिंता इस बात की है कि खतरनाक बन रही खाद्य वस्तुओं को बाजार से हटाने का भारत में मजबूत तंत्र नहीं है। यहां तक कि शराब और धूम्रपान जैसे नशे की चीजों को नियंत्रित करने के लिए भी कोई ठोस नीति नहीं है। असल में उच्च रक्तचाप को लेकर सरकारी स्तर पर कोई चिंतन एवं चिन्ता भी नजर नहीं आती। यह बात सही है कि केंद्र और राज्य की सरकारों ने लोगों के पोषक आहार के लिए कई कार्यक्रम चलाए हैं, लेकिन बाजार में बिक रही उच्च रक्तचाप के लिए नुकसानदेह वस्तुओं पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस नीति नहीं है। लुभाने वाले विज्ञापन इन उत्पादों को बड़ावा दे रहे हैं। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ की किसी को इजाजत नहीं दी जा सकती। जरूरी है कि सरकार नुकसानदायक खाद्य पदार्थों को लेकर सख्त विज्ञापन और विपणन नीति तो बनाए ही, इसे सख्ती से लागू भी करे।




# सीएम राइज आरएनए उत्कृष्ट उमावि पिपरिया में चल रहे समर केम्प का हुआ समापन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**
सीएमराइज शास. आरएनए उत्कृष्ट उमावि पिपरिया में दिनांक 01 मई 2024 से चल रहे समर कैंप का 15 मई 2024 को समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहित यादव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य संजीव दुबे द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्था की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संस्था प्राचार्य संजीव दुबे एवं शिक्षक स्टाफ ने सभी सभी अतिथियों का स्वागत किया। श्री दुबे ने स्वागत भाषण में उपस्थित अभिभावकों को अपने बच्चों को समर केम्प में प्रेरित करने के लिए धन्यवाद दिया। मुख्य अतिथि मोहित यादव ने अपने उद्बोधन में छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल, पेटिंग, क्ले आर्ट आदि को बहुत सराह गया एवं उन्हे पुरस्कृत किया। उन्होंने उपस्थित छात्रों के अभिभावक / पालकों को अपने-अपने छोटे-छोटे बच्चों को मोबाइल से दूर रहने को कहा और बच्चों को खेल के प्रति रुचि जागृत कर उन्हें खेल से जुडने के लिए कहा। श्री यादव द्वारा बताया गया कि प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई एक प्रतिभा अवश्य छुपी होती है। शिक्षक/पालक उस प्रतिभा को पहचान कर उसमें दक्ष करें। समर केम्प प्रभारी ज्ञानेंद्र हरदेनिया ने प्रतिवेदन के माध्यम से प्रतिदिवस कराये गये कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। छात्र अरुण गढ़वाल ने कैम्प शिविर से जुडे अपने संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम में बीआरसीसी प्रदीप शर्मा, आई.टी.आई के प्राचार्य श्री केवट भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में उप प्राचार्य श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव, वंदना बारोलिया, शतेन्द्र भदौरिया, निधि पगारे, चन्द्रभूषण परसाई, गिरीश गौतम, सुरेश पटेल, सुजान रघुवंशी, प्रीतम पुर्विया, सचिन पुर्विया, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनीष जैन के द्वारा किया गया एवं आभार अर्चना श्री कहार के द्वारा व्यक्त किया गया।

# विभागीय योजनाओं का लाभ लेने, एमपी किसान पोर्टल पर अपना पंजीयन अनिवार्य कराएं: उप संचालक

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग में संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब कृषकों को एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन करवाना अनिवार्य है। वर्तमान में पोर्टल पर किसानों के पंजीयन का कार्य जारी है। पंजीयन करने के लिए कृषक स्वयं एमपी किसान एप पर पंजीयन कर सकते हैं। उप संचालक कृषि जेआर हेडाऊ ने तदाशय की जानकारी देते हुए किसान भाईयों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया है कि पोर्टल पर विभागीय योजनाओं अंतर्गत क्लस्टर प्रदर्शन, प्रमाणित बीज, समन्वित पोषक प्रबंधन, सूक्ष्म पोषक तत्व, खरपतवार नाशक, कीटनाशक औषधियां, प्राकृतिक खेती ईत्यादि का लाभ लेने के लिए यदि पंजीयन कराएगें तो ही योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि वे योजनाओं का लाभ उठाने के लिए पोर्टल पर अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से कराए।पंजीयन के लिए किसान भाईयों को आधार कार्ड, खसरा नंबर, समग्र आईडी तथा वन टाईम पासवर्ड के लिए आधार कार्ड से लिंग नंबर वाला मोबाइल साथ लेकर आना होगा।स्वयं के लिए मोबाइल से पंजीयन करने के लिए किसान भाईयों को इंटरनेट सर्च इंजन में यूआरएल टाइप कराना होगा एवं कृषि योजना के लिए आवेदन के ऑप्शन पर क्लिक करके पूछी गई स्वयं की जानकारी भरकर पंजीयन कर योजना का लाभ ले सकेंगे। किसान अपना पंजीयन




नजदीकी कृषि विभाग के कार्यालय से संपर्क कर करा सकते हैं। इसके अलावा किसान भाईयो को अवगत कराया गया है कि वे एमपी किसान पोर्टल पर या किसान स्वयं भी अपने मोबाइल पर एमपी किसान एप डाउनलोड करके स्वयं की प्रोफाइल तैयार कर पंजीयन कर सकते हैं। किसान भाईयो को बताया गया है कि उन्हें पंजीयन के लिए उक्त दो विकल्प है, जिसमें प्रथम विकल्प में किसान भाई स्वयं के आधार नंबर का उपयोग कर पंजीयन कर सकते हैं तथा दूसरे विकल्प में किसान भाई भू-अभिलेख विकल्प का प्रयोग कर पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने किसान भाईयो से कहा है कि वे अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से कराए और यदि पंजीयन में कोई दिक्कत अथवा परेशानी हो तो वे अपने नजदीकी कृषि कार्यालय से संपर्क करें।

## हीट स्ट्रोक से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

# स्वास्थ्य संस्थाओं में उपलब्ध हैं लू के उपचार की सभी व्यवस्थाएं

**रायसेन, दोपहर मेट्रो। तापमान में बढ़ोत्तरी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। साथ ही जिला अस्पताल से लेकर उपस्वास्थ्य केंद्र तक की संस्थाओं को लू के प्रकरणों के उपचार के लिए अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। उल्टी, दस्त, बुखार के प्रबंधन और उपचार हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं स्वास्थ्य केंद्रों में सुनिश्चित की गई हैं।**



### गंभीर और घातक हो सकता है हीट स्ट्रोक

हीट स्ट्रोक होने पर शरीर का तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट तक पहुंच जाता है। यह स्थिति धीरे-धीरे हो सकती है या एकाएक भी आ सकती है। जटिल अवस्था होने पर किडनी काम करना बंद कर सकती है। लू लगने पर तुरंत उपचार न किया जाए तो व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है।लक्षणों की जल्द पहचान करके बीमारी की गंभीरता को किया जा सकता है कम तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना, लू लगने के लक्षण है। इन लक्षणों की पहचान जल्द से जल्द किया जाना जरूरी है, जिससे शीघ्र उपचार शुरू किया जा सके।

### गंभीर स्थिति में स्वास्थ्य संस्था में लें उपचार

हीट स्ट्रोक जानलेवा हो सकता है। लू लगने पर व्यक्ति शॉक में चला जाता है। लू लगने पर सबसे पहले मरीज को पानी पिलाकर शरीर के तापमान को कम करने के उपाय किए जाने चाहिए। शरीर में पानी की कमी ना हो इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए।सामान्य तापमान के पानी में कपड़े को भिगोकर शरीर पर मलना चाहिए। मरीज को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाना जरूरी है।

### डिहाइड्रेशन की स्थिति से अवश्य बचें

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि बहुत अधिक समय तक धूप के सीधे संपर्क में न रहे। तेज गर्मी होने पर अधिक मात्रा में पानी पीना, सर और कानों को कपड़े से अच्छी तरह से ढकना, हल्के सूती वस्त्र पहनना तथा धूप में चश्मा, छाता, टोपी एवं जूता पहनना जरूरी है। पसीना अधिक आने की स्थिति में ओआरएस घोल, लस्सी, मठ्ठा एवं फलों का रस पीना चाहिए । चक्कर या मितली आने पर छायादार स्थान पर रुक कर आराम करना, शीतल पानी अथवा उपलब्धता अनुसार फलों का रस लस्सी आदि का सेवन किया जाना चाहिए। उल्टी होने, सर दर्द, तेज बुखार की स्थिति होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में सलाह लेनी चाहिए। लू लगने पर प्रारंभिक तौर पर व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेट कर आराम करवाना चाहिए। बुखार होने पर सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगानी चाहिए । छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का गर्मी के मौसम में विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

## विशिष्ट आवासीय विद्यालयों के छात्र - छात्राओं का

# सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10 वीं -12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**
जनजातीय कार्य विभाग द्वारा मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसिडेंशियल एकेडमिक सोसायटी भोपाल अंतर्गत जिले में संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों (कन्या शिक्षा परिसर, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं आदर्श आवासीय विद्यालय) में शैक्षणिक सत्र 2024 का कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का सी.बी.एस.ई बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। विभागीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भरगदा (केसला) का कक्षा 12वीं का सी.बी.एस.ई बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। जिसमें कुल 64 विद्यार्थियों में से 61 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा 03 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुये है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय केसला का प्रदेश टॉप-10 की सूची में तृतीय स्थान रहा। कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा का कक्षा 10वीं सी.बी.एस.ई बोर्ड परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का सी.बी.एस.ई बोर्ड परीक्षा परिणाम 82.35 प्रतिशत रहा है। आदर्श आवासीय विद्यालय तवानगर का कक्षा 10वीं सी.बी.एस.ई बोर्ड परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का सी.बी.एस.ई बोर्ड परीक्षा परिणाम 65 प्रतिशत रहा है।

# इन आसान उपायों से कम कर सकते हैं बिजली बिल

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**
गर्मी के मौसम में अक्सर बिजली बिल बढ़ जाता है, जिसकी वजह कुछ जरूरी उपकरणों का इस्तेमाल तथा उनके रखरखाव में कमी होती है। जैसे-जैसे पारा चढ़ता है, वैसे-वैसे एसी, कूलर, पंखों का इस्तेमाल बढ़ जाता है। ऐसे में नागरिकों का बिजली का बिल ना बढ़े, इसके लिए मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कुछ कारगर तरीके सुझाये हैं।

एसी इस्तेमाल करने वालों के लिए टिप्स यह है कि वह अपने एसी के टेम्प्रेचर को 27 डिग्री पर सेट करें। इससे नीचे टेम्प्रेचर करने पर ए.सी. के कंप्रेशर को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। एसी ज्यादा देर तक चलता है, इसलिए बिजली भी ज्यादा खर्च होती है और आपका बिल ज्यादा आता है। बेहतर होगा कि ए.सी. के साथ-साथ कमरे में पंखा भी चलाएं। ए.सी. के एयर फिल्टर को हर 10-15 दिनों में अच्छी तरह धोकर साफ करें। फिल्टर में धूल जमने में आपको पूरी ठंडक नहीं मिलती और आपको ए.सी. ज्यादा देर तक चलाना पड़ता है। एसी वाले कमरों के खिड़की-दरवाजे ए.सी.चलने के दौरान मजबूती से बंद रखें। यदि दरवाजे-खिड़कियों में झिरियां हों तो उन्हें थर्मोकोल आदि का इस्तेमाल कर सील कर दें।

इसी तरह कूलर इस्तेमाल करने के लिए भी कुछ जरूरी टिप्स हैं। कूलर से पूरी ठंडक पाने के लिए जरूरी है कि कूलर जितनी हवा फेंक रहा है उतनी हवा कमरे से बाहर निकलने का भी पूरा इंतजाम हो। कूलर के पैड यदि खराब हो गये हैं तो उन्हें बदलवा लें। कूलर के पंखे और पंप की आइलिंग ग्रीसिंग के साथ ही कंडेंसर की जांच जरूर करायें। पुराने रेगूलेटर की जगह इलेक्ट्रॉनिक रेगुलेटर लगवाएं , इससे बिजली कम खर्च होती है।

इसी तरह पंखे इस्तेमाल करने के दौरान जरूरी है कि घर के सब पंखों की सर्विसिंग करा लें। खराब कंडेंसर, बाल बेयरिंग इत्यादि को तुरंत बदलवा लें, वहीं पंखे में इलेक्ट्रॉनिक रेगुलेटर का इस्तेमाल करें। रेफ्रिजरेटर इस्तेमाल करने में भी सावधानी रखें। गर्मी का मौसम शुरू होने के पहले रेफ्रिजरेटर की जांच करा लें। रेफ्रिजरेटर का दरवाजा बार-बार ना खोलें। दरवाजा बार-बार खुलने या ज्यादा देर खुला रहने से कंप्रेशर को फ्रिज का टेम्प्रेचर बनाये रखने में ज्यादा मेहनत लगती है। जिससे बिजली की खपत अधिक होगी और बिल बढ़ेगा। एकदम गर्मागर्म खाना या दूध फ्रिज में न रखें। ऐसा करने से भी कंप्रेशर को ज्यादा देर चालू रहना पड़ता है और आपका बिजली बिल बढ़ता है।

# लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतगणना प्रशिक्षण 22 मई को

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**
लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों के लिए 22 मई 2024 को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण प्रबंधन एवं जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि प्रथम पाली का प्रशिक्षण प्रातः 11ः00 से 1ः00 बजे तक तथा द्वितीय पाली का प्रशिक्षण दोपहर 3ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज आईटीआई रोड नर्मदापुरम मैं आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक पाली में कुल 200 200 प्रशिक्षत्रियो को प्रशिक्षण दिया जायेगा। मतगणना में संलग्न समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

**मेट्रो एंकर** | छात्र-छात्राओं ने वॉल पेंटिंग, कैनवास पर मधुबनी पेंटिंग इत्यादि बनाई

# बच्चों ने कबाड़ से जुगाड़ कर आकर्षक डिजाइन तैयार किए






**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने तीन प्रकरणों में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के प्रतिवेदन पर जिन तीन प्रकरणों में जिला बदर की कार्यवाही की गई है। उनमें अनावेदक भूरा उर्फ गौरव रघुवंशी पुत्र रामदास, आयु 22 साल निवासी पूरनपुरा चौराहा जिम के सामने थाना सिविल लाइन विदिशा एवं अनावेदक सुदीप पाल पुत्र पप्पू उर्फ मथुराप्रसाद पाल आयु 24 साल निवासी शंकरजी की मढिया के पास पीतलमील थाना सिविल लाइन और अनावेदक विजय दांगी पुत्र रामदास दांगी उम्र 30 साल निवासी इकोदिया थाना गुलाबगंज जिला विदिशा सहित पूर्व उल्लेखितों के विरूद्व मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही का आदेश जारी हुआ है। तीनो अनावेदक विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से क्रमशः एक-एक वर्ष की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किये गए है।

विदिशा जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में 1 मई से प्रारंभ हुए समर कैंप कार्यक्रम का समापन आज विदिशा के बरईपुरा स्थित सीएम राइज विद्यालय में हुआ। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा कबाड़ से जुगाड़ कर विभिन्न प्रकार के आकर्षक डिजाइन तैयार किए गए, बाल पेंटिंग, कैनवास पर मधुबनी पेंटिंग इत्यादि बनाई गई। इसके अलावा स्कूल के विद्यार्थियों ने क्लासीकल नृत्य की प्रस्तुति भी दी। बच्चों द्वारा तीन ग्रुपों में क्लासीकल नृत्य की प्रस्तुति दी जिनमें कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने पहली प्रस्तुति, कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने द्वितीय प्रस्तुति तथा कक्षा 9 से 12वी तक के विद्यार्थियों ने तृतीय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व पालकों ने बच्चों द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। इसके साथ ही बच्चों द्वारा मटकियों में पौधे लगाकर आकर्षक साज-सजा की गई थी जिसे भी अतिथियों ने खूब सराहा। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी आरके ठाकुर, विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर दीप्ति शुक्ला समेत अन्य अधिकारी गण पालक गण व स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### कलेक्टर व सीईओ समर कैंप समापन कार्यक्रम में शामिल हुए

कलेक्टर विदिशा के बरईपुरा स्थित सीएम राइज विद्यालय में आयोजित समर कैंप के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट समेत अन्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। समर कैंप के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में समर कैंप कार्यक्रम में बच्चों द्वारा जो सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, कबाड़ की जुगाड़ से जिस तरह उन्होंने विभिन्न प्रकार की आकर्षक पेंटिंग बनाई यह वाकई प्रशंसनीय है उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट ने विद्यालयीन छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राएं भी पढ़ लिखकर आगे बढ़ सकते हैं और देश दुनिया में अपना नाम रोशन कर सकते हैं।



## ग्राम तरबरिया में बिजली गिरने से लगी पेड़ों में लगी भीषण आग



**सिरोंज।** मंगलवार की रात्रि में ग्राम तरवरिया में आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा होते-होते टल गया बिजली पेड़ों के ऊपर गिरी उसकी आग लगने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। तेज आवाज के साथ बिजली गिरी थी इसकी वजह से आसपास खड़े पेड़ भी जलकर नष्ट हो गए। आग लगने की जानकारी लगते ही उसको बुझाने के लिए ग्रामीण भी एकत्रित हो गए । तत्काल नगर पालिका की फायर गाड़ी को भी सूचना दी गई जिसकी सहायता से काफी देर के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं जैसी आग लगी तो आसपास के लोगों में जरूर डर का माहौल देखने को मिला वहीं ग्रामीण भी आग को बुझाने में जुट गए थे।

## ओवरलोड ट्रैक्टर ने कार को मारी टक्कर, बड़ी घटना टली



**सिरोंज।** बुधवार को लिंक रोड पर खड़ी कर में सामने से ओवरलोड करके अनाज की ढुलाई करने वाले ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी इसकी वजह से कर में नुकसान भी हो गया भीड़ भी एकत्रित हो गई थी गनी मत रही में तरह की उसमें कोई बैठा नहीं था नहीं तो बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी इस ट्रैक्टर के द्वारा पहले भी कई बार इस तरह की दुर्घटनाओं का अंजाम दिया जा चुका है । वहीं नियमों को ताक पर रखकर ओवरलोडिंग करके ट्रैक्टर को दौड़ने का काम किया जा रहा है इस ट्रैक्टर के कई बार ब्रेक भी एकदम से ओवरलोडिंग के कारण नहीं लगा पाते हैं । क्योंकि इसमें इतनी ज्यादा मात्रा माना अनाज भरा हुआ होता है। उस वजह से यह रुक नहीं पता है। यातायात प्रभारी रितेश बाघेला ने बताया कि यदि ऐसा है तो हम जांच करके संबंधित ट्रैक्टर और उसके मालिक पर कार्रवाई करेंगे ।

## युनुस कुरैशी ऑल इंडिया जमीअतुल कुरेश के प्रदेश सचिव बने



**सिरोंज।** आल इंडिया जमीअतुल कुरेश के प्रदेश अध्यक्ष हाजी मोहम्मद हनीफ कुरैशी ने युनुस कुरैशी मुगलसराय वालो को आल इंडिया जमीअतुल कुरेश का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है इस मौके पर युनुस कुरेशी ने बताया की उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई हे उसको वो पूरी तरह निभायेंगे समाज की तरक्की उन्नति और समाज में शिक्षा का स्तर बढ़ाकर समाज से आई ए एस, आई पी एस,डॉक्टर, इंजनीयर निकालने का प्रयास करेगें जो की समाज के साथ ही हमारे देश की तरक्की में भी अपना योगदान देंगे कुरेशी की नियुक्ति से सिरोंज के कुरेशी समाज में खुशी की लहर है उनकी नियुक्ति पर लियाकत कुरैशी, हाजी कुरैशी, अशरफ कुरैशी, शमीम कुरैशी, केसर खान, जुनैद खान आदि ने उनको बधाई दी है और वरिष्ट नेतृत्व का आभार माना है गोर तलब की युनुस कुरैशी हज की पवित्र यात्रा पर मक्का मदीना भी जा रहे है।

# जनता दरबार लगाकर विधायक ने सुनी जन समस्याएं, किया निदान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बुधवार को क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने स्वनिवास गणेश अथाई पर जनता दरबार लगाकर कार्यकर्ताओ एवं नागरिक गणो से भेंट की तथा उनकी समस्याओ को सुनी जिनमे से कुछ समस्याओ के समाधान मौके पर ही किये तथा शेष समस्याओ के समाधान के लिये संबधित विभागीय अधिकारियो को समस्या के तुरंत समाधान हेतू निर्देशित किया वही जानकारी के अनुसार लगभग 25-30 आवेदन प्राप्त हुए ज्ञात हो कि विधायक उमाकांत शर्मा क्षेत्र की जनता की समस्याओ के निराकरण के लिये इसी प्रकार जनता दरबार लगाकर कार्यकर्ताओ एवं नागरिको गणो की समस्याओ का समाधान करने की पहल प्रारंभ की है जिसके परिणामस्वरूप कार्यकर्ता एवं नागरिक गणो की समस्याओ का समाधान सरलता से हो जाता है ।



# कृषि योजनाओं का लाभ लेने हेतु कृषक एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन कराएं

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को पीएम जनमन अभियान अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की प्रगति में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पत्राचार के माध्यम से जिले के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 30 अप्रैल 2024 की स्थिति में जिले में आधार कार्ड, जनधन बैंक अकाउंट, आयुष्मान भारत, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं राशन कार्ड बनाए जाने की प्रगति अत्यंत धीमी है।

अतः शासन के निर्देशानुसार इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से लेतै हुए उक्त हितग्राही मूलक योजनाओ में शेष रहे परिवार, सदस्यों को शत प्रतिशत लाभ हेतु कार्यवाही की जाकर प्रति दिवस की प्रगति रिपोर्ट से आदिम जाति कल्याण विभाग की जिला संयोजक को अवगत कराया जाए। आगामी टीएल बैठक में साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा योजनावार की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर भरसट ने बताया कि विदिशा जिले में पीव्हीटीजी की कुल जनसंख्या 47530 है जिनमें से आधार कार्ड बनाए जाने हेतु 2528 आवेदन शेष लंबित हैं। इसी प्रकार 150 जनधन बैंक अकाउंट, 15425 आयुष्मान भारत, 9731 जाति प्रमाण पत्र, 74 किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी, 129 पीएम किसान सम्मान निधि तथा 473 आवेदन राशन कार्ड बनाया जाने हेतु लंबित हैं। उन्होंने संबंधित विभागों का अधिकारियों को शेष लंबित रहे प्रकरणों में शीघ्र अति शीघ्र कार्यवाही करते हुए शत-प्रतिशत सैचुरेशन लाए जाने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार 21 मई से 3 जून तक के लिए चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर टीकाराम शर्मा को प्रातः 7 बजे से 3 बजे तक, सहायक प्राध्यापक श्री राम आशीष यादव को दोपहर 3 बजे से रात्रि 11 बजे तक तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्री संजय सिंह को रात्रि 11 बजे से प्रातः 7 बजे तक के लिए तैनात किया गया है।

### पीएम जनमन अभियान के कार्यों में तेजी लाएं, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं की 24 घंटे निगरानी



कृषि योजनाओं का लाभ लेने हेतु कृषक भाई एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन करायें - कृषक भाई कृषि विभाग की विभिन्न योजना अंतर्गत बीज, सिंचाई यंत्र एवं आदान सामग्री आदि का लाभ लेने हेतु कृषि विभाग के ऑनलाईन पोर्टल एमपी किसान पर अपने आवेदन का पंजीयन करायें। पंजीयन हेतु बेब ब्राउजर पर पिेंद.उच.हवअ.पद बेब साईट के माध्यम से स्वंय या नजदीकी एमपी ऑनलाइन पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। पंजीयन उपरान्त ही कृषक भाई, कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेगें।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि बेब ब्राउजर पर जाकर पिेंद.उच.हवअ.पद यूआरएल के माध्यम से कृषक भाई स्वंय ही आवेदन/पंजीयन

निम्नानुसार कर सकते है - किसान पोर्टल पर जाने के लिये दिये गये यूआरएल वेब ब्राउजर पर अंकित करें। कृषि योजना मे पंजीयन करने के लिये कृषि योजना के लिये पंजीयन करे ष् पर क्लिक करें। कृषि योजना के लिये पंजीयन करें ष्लिंक पर क्लिक करने बाद नए टैब मे पंजीयन पेज ओपन हो जाता है। पंजीयन हेतु जरूरी दस्तावेज जो संलग्न होने की जानकारी दी जाती है जैसे कृषक का आधार कार्ड कृषक की समग्र आईडी, कृषक की भूमि से सम्बंधित जानकारी, कृषक का जाति प्रमाण पत्र (यदि आवेदक अनु जनजाति का हो. जानकारी ध्यान पूर्वक पढें और आगे बढ़े बटन पर क्लिक करने के बाद, किसान पंजीयन फार्म प्रदर्शित हो जाता है जहां दो ऑप्शन प्रदर्शित होते है। आधार नंबर द्वारा पंजीयन करें। 2- भू-अभिलेख द्वारा पंजीयन करें। आधार नंबर द्वारा पंजीयन अथवा भू-अभिलेख द्वारा पंजीयन करें आप्शन में से किसी एक ऑप्शन के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते है। अथवा नजदीकी एमपी ऑनलाईन पर जाकर भी अपना पंजीयनध्आवेदन करा सकते हैं। ज्ञात हो कि इस वर्ष कृषि विभाग के ऑनलाईन पोर्टल ष्एमपी किसानष् पर अपने आवेदन का पंजीयन उपरान्त ही कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

### स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं की 24 घंटे निगरानी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य के निर्देशानुसार विदिशा के जाफरखेड़ी स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय में स्थापित किए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं की 24 घंटे निगरानी की जा रही है इसके लिए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के साथ-साथ एक राजपत्रित अधिकारी के द्वारा भी निगरानी की जा रही है। जाफरखेड़ी स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय में स्थापित स्ट्रांग रूम की प्रति दिवस 24 घंटे निगरानी हेतु 20 मई 2024 तक के लिए तीन शिफ्टों में राजपत्रित अधिकारियों को तैनात किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र विदिशा के प्रबंधक श्री अंकित कुमार सिंह को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक पशुपालन एवं डेयरी विभाग विदिशा के उपसंचालक डॉ दीपक सक्सेना को दोपहर 3 बजे से रात्रि 11 बजे तक एवं जिला आयुष कार्यालय विदिशा के आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर चेतन कुमार टिक्कस को रात्रि 11 बजे से प्रातः 7 बजे तक के लिए तैनात किया गया है।

## नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने थाना गंजबासौदा शहर में दर्ज अपराध का फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए दो हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना गंजबासौदा शहर के अपराध क्रमांक 375/2022 के फरार आरोपी पिन्टू यादव ट्रक मालिक निवासी धौलपुर (राजस्थान) तथा श्री प्रसाद ट्रक ड्रायवर फिरोजाबाद (उत्तरप्रदेश) की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए दो हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## श्वेताबर जैन समाज के पूज्य गुरूदेव अभयदेव सूरीश्वर जी महाराज का नगर आगमन, विधायक शर्मा ने की आगवानी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मंगलवार की शाम श्वेताबर जैन समाज के परम पूज्य गूरू जी गच्छाधिपति अभयदेव सूरीश्वर जी महाराज का नगर आगमन हुआ जिसकी भव्य आगवानी क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा ग्राम बगरौदा में की गई इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुनाथ सिंह रघुवंशी , अवतार सिंह रघुवंशी , मान सिंह रघुवंशी ,एवं ग्राम पंचायत बगरौदा के सरपंच पति विक्रम सिँह परिहार सहित अन्य लोगो के



द्वारा पूज्य गुरूजी का चंदन, केसर के द्वारा पादप्रक्षालन किया गया एवं पूज्य गुरू जी से विधायक उमाकांत शर्मा ने राष्ट्रीय, सामाजिक और धार्मिक विषयों पर विशेष चर्चा के माध्यम से मार्गदर्शन भी लिया जिसमें पूज्य संतश्री के द्वारा कहा गया है कि हम सभी जाति, भेदभाव से परे होकर एकजुट होकर एकता के साथ रहें इसी में हम सबका, समाज का और देश का हित निहित है। वही बुधवार को पूज्य गुरू जी का प्रवास ग्राम टोरी बागरोद में रहा इस अवसर पर सकल जैन समाज सहित अन्य समाजो के लोग भी उपस्थित रहे ।

**मेट्रो एंकर**

### सीईओ को ज्ञापन सौंप कर सचिव पर लगाए आरोप

# एक ही सचिव से दो पंचायतों के हितग्राही परेशान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बुधवार को भटौली सरपंच कैलाश परिहार ने जनपद सीईओ वंदना शर्मा को ज्ञापन सौंपकर प्रभारी सचिव द्वारा हितग्राहियों के कार्य न करने के आरोप लगाते हुए कि ग्राम पंचायत भटौली में पदस्थ प्रभारी सचिव आनंद सिंह यादव द्वारा पंचायत में हितग्राही मूलक तथा सामूहिक कार्यों में लगातार लापरवाही बरती जा रही है। जिसके कारण पंचायत में निर्माण कार्य बंद है। तथा हितग्राहीयों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे पंचायत के हितग्राही परेशान हो रहे हैं। साथ ही सरपंच एवं पंच सदस्यों की भत्ता की राशि भी नहीं निकलवाई जा रही है। जबकि पहले पदस्थ सचिव पंचों की राशि नहीं निकलवाने के कारण निलंबित हो चुके हैं। इसके बाद भी वर्तमान में प्रभारी सचिव के द्वारा इसमें भी लापरवाही की जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि हम जनप्रतिनिधियों की राशि नहीं निकल रही तो हितग्राहियों के साथ कैसा व्यवहार हो रहा होगा इस बात का अंदाजा भी लगाया जा सकता है सचिव कितनी मनमर्जी से अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। सरपंच का आरोप है कि जब भी सचिव से पंचायत के कार्यों को करने की कहता हूं तो सीधे मना कर देते हैं। वह सिर्फ कुछ रसूखदारों के कहने पर ही कार्य करते हैं। नहीं तो नहीं करते हैं सरपंच तथा ग्रामीण जनों की कोई बात नहीं सुनते हैं जिस कारण सरपंच तथा पंचायत वासियों के कोई भी कार्य नहीं हो रहे हैं,।

### फिर भी नेता और अधिकारी मेहरबान



### एक ही सचिव से दो पंचायत के हितग्राही परेशान

ग्राम पंचायत पथरिया एवं भटौली में पदस्थ पंचायत सचिव आनंद सिंह यादव पर दोनों ही पंचायत के हितग्राहियों द्वारा लापरवाही और भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए जा रहे है। पथरिया पंचायत के कई हितग्राहियों ने शपथ पत्र देकर सामूहिक रूप से एसडीएम हर्षल चौधरी से कूप निर्माण एवं अन्य कार्यों में रुपए लेने के आरोप लगाए थे। जिसके बाद एसडीएम के निर्देश पर जनपद सीईओ ने टीम गठित कर जांच के लिए लिखा था। जांच पूरी हुई ही नहीं कि इससे पूर्व भी बुधवार को भटौली पंचायत सरपंच ने जनपद सीईओ को शिकायती आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने भी यही आरोप लगाए हैं। प्रभारी सचिव आनंद सिंह यादव द्वारा मनमर्जी की जा रही है जिसके कारण हितग्राही परेशान हैं, योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है पंचायत के सरपंच और पंचों को शासन से मिलने वाली भत्ता राशि नहीं दिलवाई जा रही है।

### 'मैं दलित हूं इसलिए मेरी नहीं हो रही कोई सुनवाई'

भटौली पंचायत के सरपंच कैलाश परिहार ने आरोप लगाया कि मैं दलित हूं, शायद इसीलिए मेरी सुनवाई नहीं हो रही है। स्थानीय स्तर के नेताओं के कहने पर ही सचिव पुरे कार्य कर रहे हैं उनका कहना है कि मैं कई बार स्थानीय अधिकारियों एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों से भी बोल चुका हूं लेकिन कोई मेरी सुनने को तैयार नहीं है। क्योंकि उसे स्थानीय कुछ दबंग नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। स्थिति यह है कि मेरे द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों के बिल भी नहीं लगाए जाते हैं। लगातार लापरवाही बरतने के कारण अब हमारी पंचायत के लोगों में भी आक्रोश बढ़ने लगा है। यदि मेरी सुनवाई नहीं हुई तो में ग्रामीणों के साथ सामूहिक रूप से आंदोलन करूंगा। यदि जरूरत पड़ी तो धरने पर भी बैठूंगा।

### इनका कहना है -

*मुझे इस विषय की कोई जानकारी नहीं है, यदि शिकायत की गई है तो मैं देख कर बता पाऊंगा।*

***आनंद सिंह,** सचिव भटौली*

*भटौली सरपंच के द्वारा पंचों की भत्ता राशि एवं अन्य मामलों की शिकायत की है। जल्द ही सभी पंचों को नियम अनुसार राशि दिलवाई जाएगी। अन्य मामलों की जांच के लिए लिख दिया है, सही पाए जाने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।*

***वंदना शर्मा,** सीईओ*










### आईपीएल: आज क्वालिफाई कर सकती है एसआरएच

# लगातार चौथी हार से राजस्थान का क्वालिफायर खेलना मुश्किल

**गुवाहाटी, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग में लीग स्टेज के 65 मैच खत्म हो चुके हैं। बुधवार को पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हराया। इस नतीजे से पंजाब पॉइंट्स टेबल में नंबर-9 पर पहुंच गई, वहीं आरआर दूसरे नंबर पर कायम है। बुधवार को गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान ने 144 रन बनाए। पंजाब ने 18.5 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। राजस्थान के अब 13 मैचों में 8 जीत और 5 हार से 16 ही पॉइंट्स हैं। टीम प्लेऑफ में क्वालिफाई तो कर चुकी है, लेकिन उसे टॉप-2 में फिनिश कर क्वालिफायर-1 खेलने के लिए आखिरी मैच जीतना ही होगा। इसके साथ उन्हें हैदराबाद के हारने की दुआ भी करनी होगी। पंजाब के 13 मैचों में 5 जीत और 8 हार से 10 पॉइंट्स हो गए। टीम प्लेऑफ की रेस से तो बाहर है, लेकिन राजस्थान को हराकर टीम पॉइंट्स टेबल में 10वें नंबर पर नहीं रही। उन्होंने एक स्थान की छलांग लगाकर 9वां स्थान हासिल कर लिया।




### विराट ही टॉप रन स्कोरर

आरसीबी के विराट कोहली अब भी टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर बने हुए हैं, उनके नाम 13 मैचों में 661 रन हैं। चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड 583 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। अभिषेक शर्मा के नाम अब भी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा सिक्स हैं। उन्होंने 12 मैच में 35 छक्के लगाए हैं। विराट कोहली 33 सिक्स लगाकर दूसरे नंबर पर हैं। एसआरएच के ट्रैविस हेड ने सीजन में सबसे ज्यादा चौके लगाए हैं, उनके नाम 11 मैचों में 61 चौके हैं। ऋतुराज 58 चौके लगाकर दूसरे नंबर पर हैं।

### राजस्थान रॉयल्स लगातार चौथा आईपीएल मुकाबला हारी

पंजाब किंग्स ने आईपीएल के 65वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हरा दिया। पंजाब ने बुधवार को सीजन में 5वां मुकाबला जीता है। टीम के 10 अंक हो गए हैं। दूसरी ओर, प्लेऑफ में पहुंच चुकी राजस्थान ने लगातार चौथा मैच गंवाया। राजस्थान ने अपने दूसरे होमग्राउंड गुवाहाटी में टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 144 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 18.5 ओवर में 5 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान सैम करन ने नाबाद 63 रन की पारी खेली। साथ ही 2 विकेट भी चटकाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आरआर से रियान पराग ने 34 बॉल पर 48 रनों की पारी खेली। रविचंद्रन अश्विन ने 28 रन बनाए। कप्तान संजू सैमसन और टॉम कोहलर-कैडमोर ने 18-18 रन का योगदान दिया। पंजाब से कप्तान सैम करन, हर्षल पटेल और राहुल चाहर को दो-दो विकेट मिले। नाथन एलिस और अर्शदीप सिंह को एक-एक विकेट मिला। पंजाब से कप्तान सैम करन ने 41 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाए। राइली रूसो और जितेश शर्मा ने 22-22 रन बनाए। राजस्थान से आवेश खान और युजवेंद्र चहल को 2-2 विकेट मिले।

### आज क्वालिफाई कर सकती है एसआरएच

17वें सीजन में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला हैदराबाद में गुजरात टाइटंस से होगा। हैदराबाद के 12 मैचों में 7 जीत और 5 हार से 14 पॉइंट्स हैं और टीम चौथे नंबर पर है। आज का मैच जीतकर टीम 16 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी और प्लेऑफ में जगह भी बना लेगी। हारने पर टीम चौथे नंबर पर ही रहेगी, लेकिन फिर उन्हें क्वालिफाई करने के लिए आखिरी मैच जीतना ही होगा।

### गुजरात बिगाड़ सकती है हैदराबाद का खेल

गुजरात टाइटंस के 13 मैचों में 5 जीत, 7 हार और एक बेनतीजा मैच में 11 पॉइंट्स हैं। च्यक्रके खिलाफ पिछला मैच बेनतीजा होने के कारण टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई। अब हैदराबाद को हराकर टीम उनके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। गुजरात फिलहाल 8वें नंबर पर है और मैच जीतकर छठे नंबर पर पहुंच जाएगी। हारने पर टीम 8वें नंबर पर ही रहेगी।

### इटेलियन ओपन: अमरीका की कीज को दी मात

## इगा स्विटेक लगातार दसवीं जीत के साथ सेमीफाइनल में



**रोम, एजेंसी**

शीर्ष वरीय महिला एकल खिलाड़ी इगा स्विटेक ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए इटेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। 22 वर्षीय पोलैंड की खिलाड़ी ने अंतिम-8 में पूर्व फाइनलिस्ट अमरीका की मैडिसन कीज को 6-1, 6-3 से हराया और अपने जीत के सिलसिले को 10 मैचों तक बढ़ाया। यह वही परिणाम है, जिसे स्विटेक ने दो सप्ताह पहले मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में कीज के खिलाफ हासिल किया था। अब स्विटेक अंतिम-4 में अमरीका की कोको गॉफ या चीन की किनवेन झेंग से भिड़ेंगी।

सबालेंका और अजारेंका अंतिम-8 में: विश्व नंबर-दो बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने दो बार की चैंपियन एलिना स्वितोलिना को 4-6, 6-1, 7-6 से हराकर अंतिम-8 में प्रवेश किया, जहां उनके सामने लाटविया की जेलेना ओस्टापेंको होंगी। बेलारूस की ही विक्टोरिया अजारेंका ने यूनान की मारिया सकारी को हराया।

### प्रग्गनानंदा का कार्लसन से होगा मुकाबला

**स्टावेंजर, एजेंसी**



नार्वे शतरंज में भारतीय खिलाड़ी आर. प्रग्गनानंदा विश्व नंबर-एक मैग्नस कार्लसन और मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन जैसे खिलाड़ियों से मुकाबला करते हुए दिखेंगे। इसके अलावा वह विश्व नंबर-2 फैबियानो कारूआना, विश्व नंबर-3 हिकारू नाकामुरा और विश्व नंबर-6 अलीरेजा फिरोज के खिलाफ भी अपना दांव लगाएंगे। 27 मई से 7 जून तक आयोजित होने वाले टूर्नामेंट में कोनेरू हंपी, वैशाली रमेश बाबू आदि भी होंगे।

## 100 लेडीज यूरोपियन टूर स्पर्धाओं में भाग लेने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनी दीक्षा डागर

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

100 लेडीज यूरोपियन टूर स्पर्धाओं में भाग लेने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनी दीक्षा डागर जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले व्यस्त यूरोपीय यात्रा पर होंगी। डागर ने अदिति अशोक के साथ टोक्यो 2020 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में पदार्पण किया था। बर्लिन में अमुंडी जर्मन मास्टर्स में, 'सेंचुरियन' दीक्षा ग्रीष्मकालीन खेलों की तैयारी के लिए, लगभग पूरे यूरोप में, कम से कम नौ इवेंट में भाग लेंगी। दीक्षा ने कहा, यहां से सभी इवेंट मेरे लिए ओलंपिक की तरह होंगे।



**शॉट पुट में आभा खाटुआ के नाम नेशनल रेकॉर्ड:** आभा खाटुआ ने नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स कम्पटीशन में सोमवार को शानदार प्रदर्शन कर महिलाओं के शॉटपुट में नया राष्ट्रीय रेकॉर्ड बनाया। आभा खाटुआ ने कलिंगा स्टेडियम में इसके लिए अपने अंतिम प्रयास में 18.41 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया। हालाकि रेकॉर्ड थ्रो के बावजूद उनका प्रयास 18.80 मीटर के ओलंपिक क्वालीफाइंग मानक से काफी कम था। महिलाओं के शॉट पुट में उत्तर प्रदेश की किरण बलियान ने 16.54 मीटर के साथ रजत जीता।

## ओलंपिक चयन ट्रायल: भाकर ने की विश्व रिकॉर्ड की बराबरी, मनु, विजयवीर ने श्रेष्ठता सिद्ध की

**नईदिल्ली, एजेंसी**


टोक्यो ओलंपियन मनु भाकर और पेरिस कोटा धारक विजयवीर सिद्धू ने एमपी राज्य शूटिंग अकादमी (एमपीएसएसए) रेंज में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथा और अंतिम ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) जीता है। मनु ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में 42 के स्कोर के साथ विश्व-रिकॉर्ड की बराबरी की, जबकि विजयवीर ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) ओएसटी टी4 के निर्णायक में 34 का स्कोर किया और विजयी हुए। अभिदन्या दूसरे





स्थान पर मनु ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ट्रायल में अपना दबदबा कायम कर लिया क्योंकि उन्होंने दो में जीत हासिल की और अन्य दो में दूसरे स्थान पर रहीं। चयनित पांच में से वह एकमात्र निशानेबाज थीं जो क्वालिफिकेशन राउंड में एक बार भी 580 से नीचे नहीं गईं। अभिदन्या पाटिल (35) दूसरे स्थान पर रहीं जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ (30) ने अंतिम उपलब्ध पोडियम प्वाइंट हासिल किया।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**



## कार्तिक आर्यन ने फिल्म 'चंदू चैंपियन' पोस्टर साझा कर बढ़ाया फैंस का उत्साह

बॉलीवुड सुपर स्टार कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'चंदू चैंपियन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। दर्शकों में उनकी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। आज वहीं कार्तिक आर्यन ने अपने फिल्म के पोस्टर को अपने फैंस के संग साझा किया है। आइए आपको बताते हैं 'चंदू चैंपियन' के अवतार में कार्तिक कैसे लग रहे हैं। कार्तिक आर्यन बॉलीवुड के उन चंद सितारों में से एक हैं जो अपनी हर फिल्म के लिए अपना पूरा लुक बदल लेते हैं। वे किसी भी किरदार को निभाते हुए उसे जीने की पूरी कोशिश करते हैं और उनकी यही कोशिश उनकी आगामी फिल्म च्चंदू चैंपियनज के पोस्टर में भी झलक रही है।

कार्तिक ने अपने आने वाली फिल्म के पोस्टर को साझा करते हुए लिखा है, 'चैंपियन आ रहा है'। कार्तिक आर्यन आगे लिखते हैं, मेरे लिए 'चंदू चैंपियन' एक कठिन फिल्म रही है। आज इस फिल्म के पोस्टर को आपलोगों के संग साझा करते हुए मैं गौरवान्वित महूसस कर रहा हूं। यह फिल्म सच में मेरे करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण फिल्म है। वहीं 'चंदू चैंपियन' में कार्तिक आर्यन के अगर लुक की बात करें तो वे पोस्टर में काफी शर्टलेस नजर आ रहे हैं। फिल्म के नाम के हिसाब से कार्तिक का कसरती बदन पोस्टर में साफ-साफ दिख रहा है। पसीना और धूल-मिट्टी से तरबतर हुए कार्तिक 'चंदू चैंपियन' की पोस्टर में दौड़ते नजर आ रहे हैं।

### प्रिंयका ने साझा की कैटरीना कैफ के साथ पुरानी तस्वीर

प्रियंका चोपड़ा ने आज कुछ ही देर पहले अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पुरानी फोटो साझा की है। यह कैटरीना कैफ और प्रियंका की काफी पुरानी तस्वीर है, जिसे शायद ही किसी ने पहले देखा होगा। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी फिल्म च्हेड्स ऑफ स्टेटज को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हालांकि उनकी इस फिल्म की शूटिंग अब खत्म हो चुकी हैं और इस बात की जानकारी प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी थी। प्रियंका अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर कोई ना कोई मजेदार फोटोज और वीडियोज साझा करती रहती हैं। अब प्रियंका ने एक बेहद ही पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। प्रियंका चोपड़ा ने आज कुछ ही देर पहले अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पुरानी फोटो अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की है। इस फोटो में प्रियंका के साथ कैटरीना कैफ भी नजर आ रही हैं। प्रियंका ने बॉलीवुड में अपने पुराने दिनों को याद करते हुए यह तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की है। इस तस्वीर के साथ प्रियंका ने लिखा, पता नहीं इस तस्वीर को किसने लिया था और कब यह तस्वीर ली गई थी। प्रियंका और कैटरीना की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इस तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा और कटरीना कैफ को देखकर आपको भी उनके पुराने दिनों की याद आ जाएगी।



### प्रेग्नेंट ऋचा का हाल हुआ बेहाल, नमकीन व ओलिव्स जैसे हेल्दी फूड की हो रही क्रेविंग

ऋचा चड्ढा ने फरवरी में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से प्रेगनेंसी की घोषणा की थी। इस कड़ी में अब उन्होंने अपनी प्रेगनेंसी के दौरान खाने को लेकर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि हर महिला में खाने की अलग-अलग इच्छा होती है, क्योंकि हर प्रेगनेंसी यूनिक होती है। ऋचा चड्ढा इन दिनों संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार: को लेकर सुर्खियों में हैं। सीरीज में ऋचा चड्ढा ने लज्जो आपा के किरदार से खूब तारीफें बटोरीं। हमेशा की तरह अपनी एक्टिंग स्किल्स से एक बार फिर ऋचा छा गई हैं। हालांकि, हीरामंडी में अपने किरदार के अलावा ऋचा एक और वजह से चर्चा में हैं। अभिनेत्री जल्दी ही मम्मी बनने वाली हैं। ऋचा चड्ढा ने फरवरी में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। इस कड़ी में अब उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान खाने को लेकर खुलकर बात की। ऋचा ने एक इंटरव्यू में कहा कि महिलाओं में प्रेगनेंसी क्रेविंग के बारे में बहुत कुछ कहा जाता है। मुझे लगता है कि ये हर महिला में अलग-अलग होती है। ऋचा ने शुरू के तीन महीनों में पूरी तरह हेल्दी चीजों का सेवन किया।



#### पहले ट्राइमेस्टर में कच्चे टमाटर खाने की इच्छा होती थी

ऋचा ने कहा, फर्स्ट ट्राइमेस्टर में मुझे कच्चे टमाटर, नमकीन और ओलिव्स जैसे हेल्दी फूड आइटम्स की बहुत क्रेविंग होती थी। इसके बाद सेकंड ट्रायमेस्टर में उन्हें ठंडी चीजोंज्ञ को खाने की इच्छा हुई। च्उन्होंने नारियल पानी, नींबू पानी और कभी-कभी बहुत सारी कोम्बुचा जैसी ठंडी चीजें पीनी शुरू कर दी। हालांकि, क्रेविंग कम हुई है, लेकिन एक्ट्रेस अब केवल 'घर का बना खाना' ही खाती हैं। ऋचा और अली फजल ने 2022 में शादी की थी।

#### अब मीठा खाने का करता है मन

उन्होंने कहा, जैसे-जैसे मैं थर्ड ट्राइमेस्टर के करीब पहुंच रही हूं, मुझे लगता है कि क्रेविंग कम हो रही है। बेबी के ज्यादा जगह घेरने के चलते पेट का साइज कम होने लगता है। मुझे ज्यादातर घर का बना, साफ-सुथरा खाना पसंद है। ढेर सारे फल, सलाद और दाल चावल एक्ट्रेस ने आगे कहा, कभी-कभी जब मुझे मीठा खाने की इच्छा होती है, तो मैं आइसक्रीम या दही या मौसमी फल, जो वर्तमान में आम हैं, खा लेती हूं।



**मेट्रो बाजार**

## अब 3 दिन में सेटल होगा ईपीएफ क्लेम, पहले 15-20 दिन लगते थे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के कुछ विड्रॉल क्लेम अब केवल 3 दिन में सेटल होंगे। ईपीएफओ ने मेडिकल, एजुकेशन, मैरिज और हाउसिंग पर्पज के एडवांस क्लेम के लिए ऑटो-मोड सेटलमेंट की शुरुआत की है। इससे ह्यूमन इंटरवेंसन खत्म होगा और प्रोसेसिंग तेज होगी।

अभी तक क्लेम सेटलमेंट में मोटे तौर पर 15-20 दिन का समय लगता था। ऐसा इसलिए होता था क्योंकि ईपीएफओ क्लेम सेटलमेंट से पहले ईपीएफ मेंबर की एलिजिबिलिटी, डॉक्यूमेंट, ईपीएफ अकाउंट का केवाएसी स्टेटस, बैंक अकाउंट जैसी डिटेल्स को चेक करता था। अभी तक जो कंवेंशनल प्रोसेस चल रही थी उसमें अमान्य दावों को अक्सर वापस कर दिया जाता है या अस्वीकार कर दिया जाता है।




अब ऑटोमेटेड सिस्टम में उन्हें स्क्रूटनी और अप्रूवल के लिए सेकेंड लेवल पर भेज दिया जाएगा, ताकि कोई भी क्लेम छूट न जाए। मनी मैनेजमेंट एक्सपर्ट का मानना है कि जब तक बहुत जरूरी न होने पर ईपीएफओ से पैसे निकालने से बचना चाहिए। इस पर 8.15 फीसदी की दर से ब्याज मिल रहा है। जितनी बड़ी रकम ईपीएफओ से निकाली जाएगी, रिटायरमेंट फंड पर उतना ही बड़ा असर पड़ेगा। अनुमानित कैलकुलेशन के मुताबिक, अगर आपके रिटायरमेंट में 30 साल का समय बाकी है और अभी आप श्वक्क्र अकाउंट से 10 हजार रुपए निकालते हैं तो ?इससे आपके रिटायरमेंट फंड पर 1 लाख 14 हजार रुपए का असर पड़ेगा। यानी आपको रिटायरमेंट के समय इतने रुपए कम मिलेंगें।

## 100 छोटे विमान खरीदेगी इंडिगो, कंपनी की एटीआर-एम्ब्रेयर व एयरबस से चल रही बात

**नईदिल्ली,एजेंसी।** इंडिगो पहले से ही 78 सीटों वाली 45 एटीआर-72 विमानों का संचालन कर रही है। हालांकि, एयरबस ए-220 और एम्ब्रेयर के ई-175 विमान भी होड़ में हैं। इंडिगो ने पिछले साल एयरबस को 500 विमानों का ऑर्डर दिया था, जो एविएशन के इतिहास में सबसे बड़ा ऑर्डर था। भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो 100 छोटे विमान खरीदने की तैयारी कर रही है। कंपनी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क को बढ़ाने की योजना बना रही है। इसके लिए उसे छोटे विमान चाहिए। इस सौदे के लिए उसकी एटीआर, एम्ब्रेयर और एयरबस के साथ बातचीत चल रही है। इंडिगो पहले से ही 78 सीटों वाली 45 एटीआर-72 विमानों का संचालन कर रही है। हालांकि, एयरबस ए-220 और एम्ब्रेयर के ई-175 विमान भी होड़ में हैं। इंडिगो ने पिछले साल एयरबस को 500 विमानों का ऑर्डर दिया था, जो एविएशन के इतिहास में सबसे बड़ा ऑर्डर था। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने अप्रैल में कहा था कि महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2030 तक एयरलाइन का आकार दोगुना करना है। इंडिगो अंतरराष्ट्रीय मार्गों के बाद देश में अपने नेटवर्क को और मजबूत कर रह रही है। इससे पहले एयरलाइन ने 25 अप्रैल को 30 एयरबस ए-350-900 विमानों के ऑर्डर देने की घोषणा की थी। एटीआर के अलावा, इंडिगो के बेड़े में एयरबस ए-320 और ए-321 शामिल हैं। इंडिगो की भारत के घरेलू एयर ट्रैफिक में 60 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी कम आबादी वाले शहरों में अवसर देख रही है। हवाई अड्डे के बेहतर बुनियादी ढांचे और सरकार की उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना से इन शहरों में एयर ट्रैफिक की मांग बढ़ने की उम्मीद है।



# डंपर ने सड़क पर सो रहे क्लीनर को कुचला, मौत

### ग्यारह मील बायपास पर टोल नाका के पास सुबह हुआ हादसा

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित ग्यारह मील बायपास पर टोल नाका के पास डंपर का काम कराने आए क्लीनर को एक अन्य डंपर ने कुचल दिया। घटना बुधवार सुबह करीब 3 बजकर 57 मिनट के आसपास की है। घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। हालांकि डंपर का नंबर और अंधेरा होने के कारण हुलिया ठीक से नजर नहीं आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस डंपर और आरोपी ड्राइवर का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार रोहित उईके पिता बृजलाल उईके (19) गांव नंदोरा, थाना नूरगंज, जिला रायसेन का रहने वाला था और राजा के डंपर में क्लीनर था। राजा के करीब आधा दर्जन डंपर चलते हैं। डंपर में काम आने के कारण सोमवार को डंपर ड्राइवर माजिद खान ने मारन ढाबा के पास खड़ा किया था। मारन ढाबा से कुछ दूरी पर मैकेनिक की चाल है। मैकेनिकल की चाल पर सड़क किनारे डंपर खड़ा करने के बाद माजिद चला गया। देखरेख के लिए उसने रोहित को छोड़ दिया था। रोहित डंपर के बगल में कंबल बिछाकर सो रहा था। मच्छर से बचने उसने ग्रीन वाली मेट ऊपर से ओड़ ली।




### मेट पर चढ़ाया डंपर का पहिया

बुधवार सुबह करीब 3 बजकर 57 मिनट के आसपास एक अन्य डंपर बायपास पर आया और उसने अपना डंपर रोहित के खराब डंपर के बगल में पार्क किया। इस बात से अंजान डंपर चालक ने कि मेट के नीचे रोहित सो रहा है और उसने मेट पर ही डंपर चड़ा दिया। मेट पर डंपर चड़ते ही नीचे सो रहे रोहित के सिर से डंपर का पहिया गुजर गया। ड्राइवर को इस बात की भनक लगी और वह डंपर लेकर फरार हो गया।

### जा सकती थी एक अन्य युवक की जान

रोहित के साथ उसका रिश्तेदार भी मौजूद था। दरअसल, रिश्तेदार मंगलवार रात नूरगंज से रोहित को लेने आया था। रोहित ने कहा था कि डंपर की देखरेख करने के बाद सुबह घर चलेंगे। लिहाजा दोनों डंपर के बगल में कंबल बिछाकर सो गए। सुबह रोहित के रिश्तेदार की नींद खुली और वह शौच के लिए चला गया था। वहां से लौटकर आया तो रोहित की लाश पड़ी हुई थी।

### आठ साल की मासूम से दुष्कर्म का मामला

# सब इंस्पेक्टर को मिली जमानत न्यायिक हिरासत में मिनीराज

## सीडब्ल्यूसी के हस्तक्षेप के बाद हो सकी गिरफ्तारी, एसआईटी की जांच संदेह के दायरे में वार्डन की नहीं हो सकी गिरफ्तारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित होशंगाबाद रोड के ज्ञानगंगा आर्चिड इंटरनेशनल स्कूल के हॉस्टल में आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले में अभी तक वार्डन और अन्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। पुलिस ने उक्त मामले में तीन अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया था। जबकि बाद में सब इंस्पेक्टर प्रकाश राजपूत को आरोपी बनाया गया। पुलिस ने सोमवार देर रात स्कूल संचालक मिनीराज मोदी और एसआई प्रकाश राजपूत को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन वार्डन और एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी अभी नहीं की जा सकी है। मंगलवार को कोर्ट ने निलंबित एसआई प्रकाश राजपूत को जमानत दे दी, लेकिन मिनीराज मोदी को अभी न्यायिक हिरासत में रखा गया है।



### जेल में एक दूसरे से अंजान रहे मिनीराज और प्रकाश

कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई थी, सुनवाई में समय अधिक लगने के कारण प्रकाश राजपूत को जमानत मिलने के बाद भी उसकी रिहाई नहीं हो सकी। बुधवार को वकील जमानत के पेपर लेकर जेल पहुंचे थे। इसके बाद निलंबित सब इंस्पेक्टर प्रकाश की रिहाई कराई गई। जेल के अधिकारियों के अनुसार देर रात मिनीराज और प्रकाश राजपूत एक दूसरे से दूरी पर बैठे नजर आए और दोनों ने एक दूसरे से बात नहीं की। उल्लेखनीय है कि 31 साल की महिला ने अपनी 8 साल की इकलौती बेटी का 19 अप्रैल को मिसरोद के ज्ञानगंगा आर्चिड स्कूल में दूसरी कक्षा में एडमिशन कराया था। उक्त एडमिशन एसआई प्रकाश राजपूत की पहचान होने के कारण जल्दबाजी में कराया गया था। मोबाइल पर मां की बेटी से बातचीत हुई तो पता चला कि उसके साथ गलत काम हुआ है। मां 29 अप्रैल को बेटी को लेकर जय प्रकाश अस्पताल गई, वहां चेकअप के बाद डॉक्टर ने बताया कि बच्ची के प्राइवेट पार्ट में सूजन और ब्लीडिंग हुई है। 30 अप्रैल को मिसरोद पुलिस ने अज्ञात तीन आरोपियों के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया था।

### जेल की रोटी खाकर लौटे प्रकाश राजपूत

जेल में मिनीराज और प्रकाश राजपूत को जेल मैन्युअल के अनुसार डाइट दी गई थी। दोनों ने सभी बंदियों की तरह रोटी, सब्जी खाई। मोदी को बुधवार से अलग बैरक में रख दिया गया है। जेल प्रबंधन ने मिनीराज की सुरक्षा व्यवस्था जेल में बड़ा रखी है। दरअसल, जेल में दुष्कर्म के आरोपी के साथ कई बार मारपीट हो जाती है।

### वार्डन की गिरफ्तारी में एसआईटी की ढील

मामले में मोदी समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मिसरोद पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मामले में अब तक सिर्फ मोदी की गिरफ्तारी हुई है। जबकि वार्डन संगीता समेत एक अन्य फरार हैं। एफआईआर दर्ज होने के बाद वह स्कूल में आती-जाती रहीं, लेकिन एसआईटी ने उन्हें नहीं पकड़ा। अब एसआईटी में शामिल अधिकारी उनकी गिरफ्तारी पर चुप्पी साधे हुए हैं। एसआईटी जांच के बाद उनकी गिरफ्तारी की बात कह रही है।

# नौकरी में कम वेतन से दुखी युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



### महज 12 हजार रुपए वेतन में छुट्टी लेने पर कट जाता था पैसा

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर में बीती रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन दोस्तों से पूछताछ में यह पता चला कि वह क्रेडिट कार्ड की डिलेवरी करता था और महज 12 हजार रुपए उसे कंपनी की तरफ से महीने में मिलने थे। छुट्टी लेने पर पैसे भी कट जाते थे। इसी बात से वह दुखी था।
पुलिस के अनुसार पवन देवानंद सोमकुंवर पिता देवानंद सोमकुवर (28) गांव कोदर्दबामी, पोस्ट रजाड़ी, थाना मोहगांव, तहसील सौंसर, जिला पांढुना का था। पवन यहां अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ न्यू सुभाष नगर में मकान नंबर - 140 में किराए से रहता था। पवन और उसके दोस्त प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। पवन तैयारी के साथ क्रेडिट कार्ड मुहैया कराने वाली कंपनी में नौकरी करता था। उसे बारह हजार रुपए प्रतिमाह वेतन मिलता था। इसके अलावा उसके पास क्रेडिट कार्ड डिलेवरी का टारगेट रहता था। पवन के दोस्त आशीष नारनवरे ने बताया कि बुधवार शाम वह अपने दोनों रूम पार्टनर के साथ लायब्रेरी गया था। तीनों दोस्त लायब्रेरी से रात करीब 9 बजे घर पहुंचे तो पता चला कि पवन ने फांसी लगा ली है। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। आशीष ने बताया कि पवन अपने भविष्य को लेकर चिंतित था। करीब तीन दिन से वह कुछ ज्यादा ही तनाव में थे। उसने ग्रेजुएशन की पड़ाई कर ली थी, लेकिन शासकीय नौकरी नहीं मिल रही थी। वह कहता था कि इतने कम पैसों में खुद का ही पूरा नहीं होता है शादी के बाद वह परिवार का पूरा कैसा करेगा।

# बैरसिया में एक सप्ताह में 4 किमी लंबा बिजली का तार काट ले गए बदमाश

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



राजधानी के देहात इलाके बैरसिया में एक सप्ताह के भीतर बदमाशों ने दो बार बिजली के तारों की चोरी की। इस दौरान बदमाशों ने करीब चार किलोमीटर लंबा बिजली का तार चोरी कर लिया। पुलिस ने बिद्युत विभाग के कर्मचारी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सुशील कुमार वर्मा (59) बैरसिया थानांतर्गत ग्राम ललरिया स्थित विद्युत वितरण केंद्र में पदस्थ हैं। सुशील ने पुलिस को बताया कि बीती 21-22 मार्च की रात अज्ञात बदमाशों ने ग्राम खजूरी स्थित बबचिया पम्प फिटर के करीब दो किलोमीटर के तीन तार काट ले गए। इसी प्रकार 27-28 मार्च की रात ग्राम अर्रावती पम्प फिटर के करीब दो किलोमीटर लंबे तीन तार काट ले गए। लाइनमैन से मिली जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारियों ने मौका नक्शा और पंचनामा तैयार किया, उसके बाद पुलिस से शिकायत की।

### खेत पर रखे पौने दो लाख के लोहे के पाइप चोरी

रातीबड़ में ग्राम बरखेड़ी कला स्थित एक खेत पर रखे पौने दो लाख रुपए कीमत के लोहे के पाइप चोरी चले गए। पुलिस के मुताबिक उमाकांत गुंदेचा (65) प्रोफेसर कालोनी में रहते हैं। ग्राम बरखेड़ी कला में उनकी जमीन है। इस जमीन पर उन्होंने अस्थाई निर्माण कार्य के लिए लोहे के पाइप रखे हुए थे। बीती एक मई से पांच मई के बीच अज्ञात व्यक्ति उक्त लोहे के पाइप चोरी कर ले गए। उमाकांत को इसका पता चला तो उन्होंने रातीबड़ थाने पहुंचकर पाइप चोरी की शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। चोरी गए पाइपों की कीमत एक लाख 75 हजार बताई है।

# अधिवक्ता के मकान का ताला तोड़कर 60 हजार की नगदी समेत जेवरात चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



अरेरा कॉलोनी स्थित अशोका सोसायटी में रहने वाले अधिवक्ता के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाशों ने 60 हजार की नगदी समेत जेवरात चुरा लिए। घटना के समय अधिवक्ता परिवार के साथ राजस्थान गए हुए थे। वहां से लौटकर उन्होंने हबीबगंज पुलिस को शिकायत की। पुलिस के अनुसार 45 साल के आनंद शर्मा अशोका सोसायटी ई 85, अरेरा कॉलोनी में रहते हैं वे अधिवक्ता हैं। उन्होंने बताया कि 12 मई को वह परिवार के साथ राजस्थान गए थे। वहां से लौटे तो मकान के मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि बदमाशों ने अलमारी का लॉकर तोड़ लिया है। बदमाश लॉकर में रखी 60 हजार की नगदी व पुराने इस्तेमाली जेवरात लेकर गए हैं। शर्मा ने अभी चोरी गए जेवरात के बिल नहीं दिखाए है।

# नर्मदा ट्रामा सेंटर तिराहे से गणेश मंदिर तक बंद रहेगा एक तरफ का मार्ग

भोपाल, दोपहर मेट्रो।


रेल परियोजना निर्माण कार्य के अंतर्गत गणेश मंदिर के सामने मेट्रोल पिलर क्रमांक 67 से पिलर क्रमांक 68 पर 25 मीटर स्पेन में बॉक्स सेंगमेंट चड़ाने का कार्य किया जाना है। निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से नर्मदा ट्रामा सेंटर तिराहा से गणेश मंदिर तक आने वाले एक तरफ के मार्ग को बंद किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस ने 17 मई से 12 जून तक को लिए यातायत डायवर्सन प्लान तैयार किया है। इस दौरान नर्मदा ट्रामा सेंटर तिराहा से गणेश मंदिर तक एक तरफ का मार्ग आवागमन के लिए पूर्णत- बंद रहेगा। रानी कमलापति स्टेशन आने और जाने वाले वाहन पूर्व की भांति आवागमन कर सकेंगे।

**वैकल्पिक मार्ग:** रानी कमलापति स्टेशन से गणेश मंदिर की ओर जाने वाले वाहन जीजी फ्लाई ओव्हर के नीचे होकर दूसरी तरफ के मार्ग का उपयोग कर रानी कमलापति से गणेश मंदिर की ओर जा सकेंगे। इसी प्रकार गणेश मंदिर से रानी कमलापति स्टेशन की ओर जाने वाले वाहन गणेश मंदिर के पीछे वाले मार्ग एससी गोधा एडवोकेट रोड का उपयोग कर जा जाएंगे। ट्रैफिक पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि वह परिवर्तित मार्ग का उपयोग कर यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग करें और किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात हेल्पलाईन फोन 0755-2677340, 2443850 पर संपर्क कर सकते हैं।

**मेट्रो एंकर** प्रमुख सचिव गृह और विशेष पुलिस महानिदेशक ने दिया मार्गदर्शन

# उप पुलिस अधीक्षकों को दिया बुनियादी प्रशिक्षण

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी भोपाल में 43वें बैच के उप पुलिस अधीक्षकों के बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान सेवा में उन्मुखीकरण के निण् एक विशेष सत्र मंगलवार 14 मई को आयोजित किया गया। सत्र में संजय दुबे, प्रमुख सचिव गृह विशेष रूप से उपस्थित रहे। संजय दुबे ने प्रशिक्षु अधिकारियों को सेवा में सफलता के लिए उपलब्धता, उत्सुकता एवं उद्यमिता के तीन सूत्र बताए। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि वर्दी धारण करते ही आपको जनता के लिए हर समय उपलब्ध रहना होगा। आपका यह उत्तरदायित्व है कि आपके पास आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को आप सुनें और उसकी समस्या का कानूनी तरीके से समाधान करें। आप दो वर्ष के प्रशिक्षण में तो पुलिसिंग का प्रशिक्षण हासिल करेंगे लेंगे, लेकिन प्रशिक्षण के बाद भी आपको सम्पूर्ण सेवाकाल में सीखने के लिए उत्सुक रहना चाहिए। दुबे ने कहा कि उद्यमिता ही एक शासकीय सेवक को सफल बनाती है। आपको हर समय कड़ी मेहनत से अपना काम करते हुए जनता के बीच अपनी अच्छी छवि निर्मित करनी है। उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में समन्वय एवं समर्पण से काम करने की सलाह भी दी।

**कमजोर वर्ग की सहायता के लिए रहें तत्पर:** दुबे ने कहा कि पुलिस सेवा में रहकर हमें कमजोर वर्गों की सहायता करने के लिये हमेशा तत्पर रहना चाहिये। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय की प्रशिक्षण शाखा की विशेष पुलिस महानिदेशक अनुराधा शंकर ने भी प्रशिक्षुओं को संबोधित किया। उन्होने बताया कि सभी प्रशिक्षु अधिकारी लोक सेवक की श्रेणी में आते हैं, जिन्हें संविधान व कानून की मंशा के अनुरूप निर्भीकता व स्वतंत्रता से काम करना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षण की महत्ता को रेखांकित करते हुए प्रशिक्षुओं को अपना संपूर्ण प्रशिक्षण पूरे मनोयोग से प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

**पुलिस की कार्रवाई में उर्दू और फारसी की जगह हिंदी का होगा इस्तेमाल: भोपाल।** पुलिस विभाग द्वारा कार्रवाई में हिंदी की जगह उर्दू फारसी समेत अन्य भाषाओं के प्रयोग होने से विभाग ने अधीनस्थ अधिकारियों को हिंदी का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया है। प्राय- देखा गया है कि पुलिस अपनी जांच और कार्रवाई में उर्दू और फारसी शब्दों का अधिक इस्तेमाल करती है और यह लंबे समय से चला आ रहा है। इस आशय से अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक में सभी अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया है। आदेश में लिखा गया है कि वर्तमान में पुलिस विभाग द्वारा जो करवाई की जा रही है। उसमें उर्दू और फारसी सहित अन्य भाषाओं के शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। शान द्वारा अपेक्षा की गई है कि पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई में गैर हिंदी शब्दों के स्थान पर हिंदी शब्दों का इस्तेमाल किया जाए। इसके लिए विभाग द्वारा शब्दकोश भी अधीनस्थ अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए हैं।

# बंसल कॉलेज की बस में 3 दिन पुरानी लाश मिली

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित पटेल नगर में कल शाम बंसल कॉलेज की बस में अज्ञात युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। लाश करीब दो से तीन दिन पुरानी होने के कारण डिकंपोज होने लगी थी। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त करने के प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार आनंद नगर में ब्लॉक नंबर 9 में बंसल कॉलेज प्रबंधन ने पुरानी दो बसें खड़ी कर रखी है। खराब बसें लंबे समय से खड़ी रहने के कारण कबाड़ की तरह हो चुकी है।

**बदबू आने के बाद सूचना:** पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाले रत्नेश जैन का बस के पास से गुजरना हुआ और उन्हें असहनीय बदबू आई। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस में पीछे वाली सीट पर अज्ञात व्यक्ति का शव देखा। मृतक की उम्र करीब 35 से 40 साल के आसपास की है। आसपास के लोगों ने हुलिया देखकर बताया कि मृतक भिखारी हो सकता है। उसे आसपास भीख मांगते हुए देखा गया था।

# एक्सीडेंट में बाइक सवार दंपति और दो बच्चे घायल

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



बिलखिरिया इलाके में एक्सीडेंट में बाइक सवार दंपति और दो बच्चे घायल हो गए। दंपति को इलाज के लिए रायसेन रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले मोटर सायकिल चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक भारती कोरी पत्नी रामकुमार (32) मूलत- सागर की रहने वाली है। फिलहाल वह रासलाखेड़ी भानपुर में रहती है और गृहणी है। बीती दस मई को भारती अपने पति, दस साल के बेटे और आठ साल की बेटी के साथ मोटर सायकिल से बेगमगंज से घर लौट रही थी। बाइक उसके पति रामकुमार चला रहे थे। शाम करीब सवा सात बजे वह रायसेन रोड स्थित होटल रेशमराव के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने रामकुमार की मोटर सायकिल को टक्कर मार दी, जिससे चारों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला के होश में आने के बाद पुलिस ने बयान लिए और उसके बाद टक्क मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022